## संक्षिप्त खबरें

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में 05 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### ऑटो चालक ने गले में फंदा डालकर कि आत्महत्या

दानापुर नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के रूकनपुरा के आदर्श विहार कालोनी स्थित एक किराये के मकान में रहने वाले ऑटो चालक ने गले में फंदा डालकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार अरवल के कींजर थाना क्षेत्र के बड़ियारी बिगहा निवासी ओम प्रकाश सिंह का पुत्र सुभाष कुमार 34 रूपसपुर के रूकनपुरा के आदर्श विहार कालोनी में किराये के मकान में पत्नी व बच्चो के साथ रहता था। सुभाष ऑटो चलाता था। 10-15 दिन पूर्व पत्नी झगड़ा कर मैके बच्चो लेकर चली गयी। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पड़ोसी ने बताया कि सुबह करीब साढे 6 बजे सुभाष आया और अपने कमरे चला गया। काफी देर बाद जब कचड़ा लेने वाला आया और आवाज लगाया पर कोई जबाब नही मिला। उसने बताया कि हम लोग भी आवाज लगाये कॉल किया पर कोई आवाज नही मिलते देख। दरवाजा किसी तरह खोला तो सुभाष को फंदे से झुलता मिला। जिसके बाद पुलिस को सूचना की। उन्होने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण आत्म हत्या की बात सामने आ रही है।

### आज चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

फतुहा। बुधवार को सुबह 11:00 बजे से 03:00 अपराह्न तक फतुहा शहर में आरडीएसएस परियोजना अंतर्गत नए फीडर निर्माण करने हेतु बाजार एवं अन्य क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी और इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी सहायक विद्युत अभियंता आजाद कुमार सिंह ने दिया।

### 5 को डीएम के समक्ष प्रदर्शन में शामिल होने का फैसला

पटना सिटी (प्राकि)। सीपीएम यूनिट की बैठक आमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें गरीबों को जमीन, आवास देने, राशन कार्ड, गरीबों को रोजगार के लिए दो लाख रुपया देने की प्रक्रिया को सरल करने, स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर रोक लगाने सहित अन्य सवालों पर विचार-विमर्श हुआ। गरीबों को 70 हजार रुपया से कम का आय प्रमाण पत्र नही बन पा रहा है। आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय तक गरीबों से येन-केन-प्रकारेण रुपया वसूला जा रहा है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार को गरीबों के विभिन्न मांगों को लेकर सीपीएम द्वारा आयोजित पांच सितंबर को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन में पटना सिटी के कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। बैठक में अवध मौर्य, त्रिलोकी पांडेय, उदय शंकर कुमार, योगेश्वर प्रसाद, लगन मिस्त्री, राजेश कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### भाजपा सदस्यता अभियान का किया गया शुभारंभ

पटना सिटी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदस्य बनने के साथ ही मंगलवार को प्रातः भाजपा चौक मंडल की ओर से पाटलिपुत्र खेल एवं सांस्कृतिक परिसर में युवा खिलाड़ियों के बीच सदस्यता अभियान शुरू किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने युवाओं के बीच मोबाइल पर 8800 002024 डायल कर स्वयं एवं खिलाड़ियों को डायल करा कर डिटेल भरा कर लोगों को सदस्य बनाया। श्री यादव ने बताया कि पीएम ने देश के युवाओं, मजदूर-किसान एवं लाभार्थियों को भी सदस्य बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि यह अभियान पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगा। सदस्यता अभियान में चौक मंडल के महामंत्री विनय कुमार, उपाध्यक्ष दयानंद यादव, बलराम माथुरी, शशिकांत मिश्रा, राजदीप मेहता, रविशंकर, मनोज यादव, नीरज मिश्रा, अंजय साह आदि शामिल हुए।

# सामाजिक नेटवर्क में कमी आने से महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य में पहुंच रही बाधा

## एक्सपर्ट्स की राय में शादी से पहले परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग जरूरी

- साथियों की कमी से महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को पहुंच रहा नुकसान
- बाहरी संपर्क रहने से किसी महिला के परिवार नियोजन क्लिनिक पहुँचने की संभावना 67% बढ़ती है




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना जिले के गुलाबबाग की खुशबू उन महिलाओं में शामिल है जिसने सामाजिक मानदंड या उनके परिवार द्वारा लगाए गए कुछ प्रतिबंधों के कारण हाल ही में प्रजनन स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का सामना किया है। खुशबू बताती हैं कि अगर वह अपने घर से बाहर निकलती, अन्य महिलाओं या गांव की आशा से संपर्क में रहतीं, तो शायद उनको अनचाहे गर्भ को नहीं रखना पड़ता। उनके दो बच्चे पहले से ही हैं। यह किसी एक खुशबू की कहानी नहीं है। ह्यआइडियाज फॉर इंडियाह्ल में छपे एक शोध-पत्र के मुताबिक, यदि सास के साथ रहने वाली और नहीं रहने वाली विवाहित महिलाओं की तुलना की जाए, तो, जो महिला अपने सास के साथ रहती है, उसके अपने घर के बाहर करीबी साथियों की संख्या 36% कम है। इसके परिणामस्वरूप प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच कम हो जाती है।

**साथियों की कमी से महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को नुकसान**

आइडियाज फॉर इंडिया में प्रकाशित इस लेख के सर्वे का निष्कर्ष है कि एक अतिरिक्त करीबी बाहरी साथी होने से एक महिला के परिवार नियोजन क्लिनिक में जाने की संभावना 67 प्रतिशत तक बढ़ जाती है, जबकि इसके सापेक्ष जिन महिलाओं का गांव में कोई भी करीबी साथी नहीं है, उनके लिए यह संभावना 30 प्रतिशत है। इसी प्रकार, एक अतिरिक्त करीबी बाहरी साथी होने से एक महिला की आधुनिक गर्भनिरोधक विधियों का उपयोग करने की संभावना 11% अंकों तक बढ़ जाती है, जबकि इसके सापेक्ष जिन महिलाओं का गांव में कोई बाहरी साथी नहीं है, उनके लिए यह संभावना 16% है।

**सिर्फ 46 प्रतिशत महिलाओं को है आपातकालीन गर्भनिरोधक के बारे में जानकारी**

नवीन नेशनल फैमिली हेल्थ स्टैंडर्ड (पांचवें) के अनुसार, राज्य की 19 प्रतिशत महिलाओं को लेडीज कंडोम और 46 प्रतिशत महिलाओं को आपातकालीन गर्भनिरोधक के बारे में पता है। एक सत्य यह भी है कि 99 प्रतिशत महिला बंध्याकरण के बारे में जानकारी होने के बावजूद 15 से 49 वर्ष की 59 प्रतिशत महिलाएं परिवार नियोजन के आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल करती हैं। आधुनिक परिवार नियोजन के यह आंकड़े एनएफएचएस 4 के डाटा से लगभग दोगुनी है। इसके अलावा गर्भपात के दो बड़ों कारणों में सबसे बड़ा अन्प्लान्ड प्रेगनेंसी 50 प्रतिशत तथा 12 प्रतिशत उनके स्वास्थ्य से जुड़ी होती हैं।

**परिवार नियोजन पर प्री काउंसलिंग जरूरी**

पटना विश्वविद्यालय के पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर और रिसर्चर डॉ दिलीप कुमार बताते हैं कि भारतीय समाज की यह हकीकत है कि अभी भी परिवार नियोजन जैसे फैसले परिवार के द्वारा ही तय किए जाते हैं। विवाह के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का सामाजिक नेटवर्क कट सा जाता है। परिवार नियोजन जैसे मुद्दे वहां गौण ही होते हैं। वहीं परिवार महिलाओं को फ्रंटलाइन वर्कर्स के समक्ष भेजने से गुरेज करते हैं। ऐसे में राज्य में एडसोलेंट फ्रेंडली हेल्थ क्लीनिक की संख्या और वर्किंग को सुधारना होगा, ताकि वहां किशोरावस्था या विवाह पूर्व के उम्र में उन्हें परिवार नियोजन पर स्पष्ट और सही जानकारी मिल सके। इसके अलावा, परिवार के पुरुषों को भी महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर हस्तक्षेप करना होगा। परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य को विश्वविद्यालय या हाई स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन के व्यापक प्रचार प्रसार पर सरकार को ध्यान केंद्रित करना होगा। जब ग्रामीण महिला भी अपनी जरूरत के अनुसार परिवार नियोजन के उपाय तक अपनी पहुंच खुद बनाएगी, तभी महिलाओं में प्रजनन स्वास्थ्य के मामलों में सुधार होने की गुंजाइश है।

# स्वर्ण व्यवसायियों ने घेरा थाना, डीएसपी को सौंपा ज्ञापन



- मामला प्रतिष्ठित स्वर्ण व्यवसायी को धमकी देने का

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना की पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज दिखाने के सवाल पर चौक स्थित जगमोहन लाल शिवरत्न लाल ज्वेलर्स को धमकाया गया था। इस मामले को लेकर नाराज स्वर्ण व्यवसायी संघ से जुड़े कारोबारियों ने खाजेकलां थाना क्षेत्र के पानी टंकी स्थित महावीर व्यायामशाला में बैठक की। इसके बाद ने आक्रोश मार्च निकाला। अशोक राजपथ होते चौक थाना पहुंचे और थाना का घेराव कर थाना प्रभारी को अपनी पीड़ा से अवगत कराया। इस दौरान दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इसके बाद संघ का शिष्टमंडल डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार से उनके कार्यालय में मिले। यहां भी विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोश मार्च से पहले संघ के अध्यक्ष शशि शेखर रस्तोगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इमें पप्पू खत्री, पंकज गुप्ता, राजकुमार, विनोद कुमार वर्मा, शंकर गुप्ता, अमरनाथ प्रसाद, प्रेम कुमार खत्री, विजय कुमार, ललन प्रसाद वर्मा, अमरनाथ प्रसाद, गोपाल कृष्ण राठौर इंद्र कुमार सोनी, प्रफुल्ल पांडेय आदि आभूषण व्यवसायी शामिल थे। संघ के अध्यक्ष शशि शेखर रस्तोगी ने बताया कि दारोगा शशि कुमार उनकी दुकान पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज दिखाने का दबाव बनाया। प्रतिष्ठान में ग्राहकी अधिक होने के कारण उन्हें बाद में आने की बात कही। इस पर पुलिस पदाधिकारी के द्वारा थाना उठा कर ले जाने की धमकी देते हुए दुर्व्यवहार किया गया। ऐसे में दोषी दारोगा पर कार्रवाई की मांग की गई। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच-पडताल की जा रही है।

# गुरुद्वारा गायघाट में आज सजेगा दीवान, हुआ कीर्तन दरबार

- तख्तश्री पटना साहिब में रखा गया अखंड पाठ, आज गायघाट से निकलेगा नगर कीर्तन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गायघाट स्थित बड़ी संगत गुरुद्वारा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व को लेकर मंगलवार को ग्रंथी सतलोक सिंह, कुलदीप सिंह व गुरचरण सिंह की देखरेख में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ दूसरे दिन भी जारी रहा। इसका समापन बुधवार को होगा। उसी दिन विशेष दीवान सजेगा, जिसमें शबद कीर्तन, कथा व प्रवचन होगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व को लेकर शाम को कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें श्री अमृतसर दरबार साहिब के रागी हरजीत सिंह और और बरेली के भाई मनोहर सिंह ने शबद कीर्तन की प्रस्तुति दे संगतों को निहाल कराया। कीर्तन दरबार का संचालन अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने किया। इस दौरान अरदास, हुकुमनामा लिया गया। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के पांचवें गुरु श्री अर्जन देव जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस को लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया। इसका समापन शुक्रवार को होगा। उसी दिन विशेष दीवान सजेगा। इधर शहीद शिरोमणि बाबा जीवन सिंह की जयंती पर अखंड पाठ, चेतना मार्च नगर कीर्तन बुधवार को निकाला जाएगा। इसे लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया। इसका समापन गुरुवार को होगा। बाबा जीवन सिंह ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार जसवंत सिंह रंगरेटा व ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को गायघाट स्थित बड़ी संगत गुरुद्वारा से चेतना मार्च (नगर कीर्तन) निकाला जाएगा। यह तख्त साहिब तक आएगा। तख्त साहिब में आतिशबाजी व धार्मिक नाटक गुरु के बेटे का मंचन होगा। इसके अगले दिन जयंती समारोह पर विशेष दीवान तख्त साहिब में सजेगा। इसमें शामिल होने के लिए पंजाब व झारखंड से लगभग तीन हजार संगत तख्त साहिब पहुंची है। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, कनीया उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह समेत अन्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में लगे हैं।

# महिलाओं ने मंगल पाठ कर दादी जी रिझाई, भजनों पर झूमी

## मंदिर परिसर में नए भवन का किया गया लोकार्पण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री राणी सती दादी जी ट्रस्ट के तत्वावधान में भादो बदी अमावस्या महोत्सव पर मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रांगण में महोत्सव के दूसरे दिन का आगाज घंटा, घड़ियाल और नगाड़ों के बीच हुआ। मंगला आरती के साथ प्रारंभ हुआ आचार्य लखन शर्मा और हरिओम शास्त्री की देखरेख में दादी जी को केसर और गुलाब जल से स्नान कराया गया। इसके बाद महिलाएं राजस्थानी परिधान में हाथों में पूजा की थाल लिए मंदिर परिसर में पहुंच कर दादी जी का स्वास्तिक बना कर उनको रोली, मौली, अक्षत, मेहंदी, काजल, चूड़ा, चुनरी, पुआ, नारियल, पुष्प चढ़ाकर दादी जी की जात लगायी। परिवार, राज्य व राष्ट्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दादी जी का अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, दादी जी का खजाना, दादी जी का मुकलावा और वृंदावन से आए 41 पोशाक दादी जी को चढ़ाया गया। इसके बाद कोलकाता से आए संजय शर्मा ने 501 महिलाओं को सामूहिक मंगल पाठ कराया। इस मंगल पाठ के बीच दादी जी का जन्म उत्सव, बाल उत्सव, विवाह व विदाई के साथ दादी जी के जीवन चरित्र पर झांकी प्रस्तुत की गई। भक्त दादी जी का भजन भादवा को मेलो यो तो बड़ों अलबेलों दादी जी का दर्शन करा लाऊं, नारायणी न लियो अवतार, बधाई सर भक्ता न आदि पेश किया। नारायणी महिला मंडल मंगल सखी एवं मारवाड़ी महिला समिति पटना सिटी की सदस्याओं के द्वारा दादी जी के हर झांकी पर दादी जी को झूम-झूम कर रिझा कर नृत्य करती रही। आज मंदिर प्रांगण में नए भवन का लोकार्पण दादी भक्त प्रभु दयाल भरतिया ने किया। महोत्सव में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू, डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने पहुंच कर अरदास लगाया। महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रभात भरतिया, गिरधारी लाल सराफ, पुरुषोत्तम पोद्दार गजानंद बुबना ईश्वर लाल अग्रवाल, सुभाष झुनझुनवाला, सुरेश चौधरी, राजेश कमलिया, डॉ सुशील पोद्दार, मनोज झुनझुनवाला, राजेश चौधरी, राजाराम शर्मा, संजीव देवड़ा के साथ आज दादी जी की सेवक के रूप में चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, पप्पू मोदी, सौरभ झुनझुनवाला, कन्हैया झुनझुनवाला, उमंग झुनझुनवाला, गिरधर बागला, टुनटुन कमलिया, संजय छापड़िया, ललित अग्रवाल जैसे अनेक भक्तों ने दादी जी की सुबह से रात्रि तक कार्य किया। रात्रि भंडारा में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# दानापुर मंडल के अशोकधाम स्टेशन पर एनआई कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। दानापुर मंडल के अशोकधाम स्टेशन पर एनआई कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - रद्द की गयी ट्रेनें - गाड़ी सं. 03355 किउल-गया पैसेंजर -05, 07 एवं 09 सितम्बर, 2024 को गाड़ी सं. 03356 गया-किउल पैसेंजर -05, 07 एवं 09 सितम्बर, 2024 को गाड़ी सं. 13207 जसीडीह-पटना एक्सप्रेस -07.सितंबर को गाड़ी सं. 13208 पटना-जसीडीह एक्सप्रेस-07 सितंबर को आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें - 07 सितंबर एवं 09 सितंबर को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 03206 पटना-किउल फास्ट पैसेंजर का आंशिक समापन मोकामा में किया जायेगा । 07 सितंबर एवं 09 सितंबर को किउल से खुलने वाली गाड़ी सं. 03205 किउल -पटना फास्ट पैसेंजर का आंशिक प्रारंभ मोकामा से किया जायेगा । पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें - गाड़ी सं. 13241 बांका-राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस दिनांक 05 सितंबर एवं 09 सितंबर को बांका से 08.45 के बजाए 11.15 बजे खुलेगी गाड़ी सं. 13331 धनबाद-पटना एक्सप्रेस 05 सितंबर को धनबाद से 08.05 के बजाए 10.05 बजे खुलेगी । गाड़ी सं. 03356 गया-किउल पैसेंजर 04 सितंबर, 06 सितंबर एवं 09 सितंबर को गया से 07.20 के बजाए 10.20 बजे खुलेगी । गाड़ी सं. 03355 किउल-गया पैसेंजर 04 सितंबर, 06 सितंबर एवं 08 सितंबर को किउल से 14.40 के बजाए 17 बजे खुलेगी । गाड़ी सं. 03205 किउल-पटना पैसेंजर 05 सितंबर को किउल से 15 के बजाए 16.45 बजे खुलेगी । गाड़ी सं. 03274 पटना-देवघर पैसेंजर दिनांक 07.09.24 को पटना से 09.55 के बजाए 11.30 बजे खुलेगी ।

# तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष ने महासचिव पद पर चुनाव कराने का निदेश मांगा





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह संरक्षक को दो सितंबर,24 को पत्र भेजा है। पत्रांक टीपीएस/3/340/24 भेजे गए पत्र में कमेटी के महासचिव के द्वारा 27 अगस्त को भेजे गए पत्र का प्रतिउत्तर है। इसमें कहा गया है कि 27 अगस्त, 24 के पत्र में उठाए गए मुद्दे पर ध्यान देने से पहले यह बताना जरूरी है कि महासचिव व्यवस्था का संचालन कैसे कर रहे हैं। दरअसल जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह तख्तश्री पटना साहिब के संरक्षक ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए 17 जून, 23 को पत्र संख्या 112 में आरएस जीत, रणजीत सिंह और गुरविंदर सिंह को कमेटी का सदस्य नामित किया। इस बीच बिहार निर्वाचन प्राधिकार, पटना के सचिव के 4 जुलाई, 23 के पत्रांक 1243 में निहित अधिसूचना के माध्यम से प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि 12 जुलाई, 23 एवं प्राप्ति की तिथि 12 जुलाई से 22 जुलाई, 23 निर्धारित करते हुए चुनाव कार्यक्रम को अधिसूचित किया गया। 26 जुलाई, 23 को मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि निर्धारित की गई। इसे सीडब्ल्यूजेसी में चुनौती दी गई। जिसका क्रमांक 10393/23 महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन में आदेश 18 अगस्त, 23 द्वारा महासचिव राज्य चुनाव प्राधिकार की उपस्थिति के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का स्पष्ट निर्देश दिया। साथ ही आगे निर्देश दिया कि यह स्पष्ट किया जाता है कि इस रिट के लंबित रहने के दौरान तैयार की गई कोई भी मतदाता सूची संयुक्त रिट के परिणाम के अधीन होगी। चूंकि यह मुद्दा उठाया गया था कि मनोनीत सदस्य नए चुनाव के माध्यम से नवगठित समिति का हिस्सा होंगे। क्योंकि संविधान और उप नियमों के अनुच्छेद 8 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि समिति गठन की तिथि से पांच वर्ष तक जारी रहेगी या तदनुसार एक नई कमेटी गठित की जाएगी। रिट में आपत्ति उठाई गई थी कि उपरोक्त तीन सदस्य मौजूदा कमेटी के सदस्य नहीं हो सकते हैं और उनका नामांकन चुनाव के बाद गठित की जाने वाली समिति के लिए है। उक्त आपत्ति के मद्देनजर राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने 11 अगस्त, 23 के पत्रांक 1585 के तहत जिला न्यायाधीश सह संरक्षक से पूछा कि 17 जून, 23 को पत्रांक 112 में पूछा कि मनोनयन किए गए सदस्य वर्तमान समिति के लिए हैं या नई कमेटी के गठन के लिए। कारण कि ऐसे दो सदस्यों ने 4 अगस्त, 23 को आयोजित बैठक में भाग लिया है। तदनुसार पूछताछ की गई कि पूर्वोक्त दो मनोनीत सदस्य योग्य है या नहीं? इस पर जिला न्यायाधीश, पटना ने 17 अगस्त, 23 को पत्रांक 230 के तहत कहा कि तीन व्यक्तियों का मनोनयन नई कमेटी के गठन के लिए है। ऐसे में तय हो गया है कि वोटर लिस्ट पर अवैध रूप से विचार किया गया था। संविधान और उप नियमों के अनुच्छेद 21 में स्पष्ट कहा गया है कि कमेटी को समान्यतः 15 दिनों के नोटिस पर दो माह में एक बार बैठक करनी चाहिए। कमेटी की अंतिम बैठक 8 फरवरी, 24 को हुई थी। महासचिव संविधान के प्रावधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असफल रहे हैं, क्योंकि अनुच्छेद 76 सी महासचिव को मुख्य कार्यकारी के रूप में कमेटी की नीति और समय-समय पर दिए गए आदेश/निर्देश को पूरा करने का आदेश देता है और संविधान के तहत कर्तव्यों के लिए जिम्मेवार होगा और अपने कर्तव्यों में निर्वहन करने में विफल रहा है। तदनुसार अध्यक्ष ने 30 अप्रैल, 24 को पत्र के माध्यम से बैठक बुलाने का अनुरोध किया लेकिन महासचिव ने जानबूझ कर बीमार होने का बहाना बना बैठक टाल दिया। फिर पांच जून, 24 को भी अनुरोध किया गया, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस तरह महासचिव ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित कमेटी की बैठक को टाल दिया। चुनाव प्राधिकार ने 25 अगस्त, 23 को पत्र 1682 के माध्यम से स्पष्ट रूप से माना है कि 4 अगस्त, 23 को आयोजित बैठक अवैध है और मतदाता सूची पर प्रबंधक कमेटी द्वारा विचार कर उसे पारित करना चाहिए, लेकिन महासचिव संविधान और उप नियमों के अनुरूप अपने कार्य का निर्वहन करने में सफल रहे हैं। इसके मद्देनजर कमेटी के पांच सदस्यों ने अनुच्छेद 25 के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए महासचिव को पत्र लिखकर दो एजेंडे के साथ बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

# सब डर्मल इम्प्लांट से तीन साल तक अनचाहे गर्भ से मुक्ति : सिविल सर्जन

## जिला के सभी सीएचओ, जीएनएम एवं एएनएम को सब डर्मल इम्प्लांट पर दिया जा रहा प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- नविन गर्भनिरोधक सब डर्मल इम्प्लांट को लेकर जिले के सभी प्रखंडों के सीएचओ, जीएनएम एवं एएनएम का उन्मुखीकरण जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में किया जा रहा है. 2,3,4 एवं 10,11 एवं 12 सितंबर तक प्रखंडों का बैच निर्धारित कर सब डर्मल इम्प्लांट पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है. प्रशिक्षण का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति एवं पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। बच्चों में अंतर रखने के लिए सब डर्मल इम्प्लांट एक सुगम विकल्पः प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. मिथिलेश्वर कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन समय की जरुरत है. बच्चों में अंतर रखना एवं अपने परिवार को प्लान करना सभी महिलाओं का अधिकार है. महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं का यह अधिकार है और इसमें पति के साथ घर के अन्य लोगों को भी सहयोग करना चाहिए. उन्होंने कहा कि दो बच्चों में अंतर रखने का सब डर्मल इम्प्लांट एक सुगम साधन है और महिलाओं को आगे आकर इसका चुनाव करना चाहिए. गर्भधारण करने वाली महिलाएं इसे आसानी से निकलवा कर दुबारा गर्भधारण कर सकती हैं. यह तीन साल तक अनचाहे गर्भ से महिलाओं को मुक्ति दिलाता है. उन्होंने कहा कि प्रखंड से आये स्वास्थ्यकर्मी प्रशिक्षण के बाद लाभार्थियों को इम्प्लांट एवं परिवार नियोजन के लाभ के बारे में बताएं. उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। पीएसआई इंडिया के मास्टर ट्रेनर डॉ. मैहर अफसान मेहँदी एवं पीएसआई इंडिया की टीम द्वारा प्रतिभागियों को इम्प्लांट की काउंसिलिंग के तरीके, परिवार नियोजन के साधन, जटिलताओं एवं साइड इफेक्ट्स का प्रबंधन आदि पर विस्तार से बताया गया. टीम द्वारा इम्प्लांट के लाभार्थियों का चुनाव, इम्प्लांट से संबंधित सभी जानकारी, फॉलो अप का महत्त्व एवं मांग आपूर्ति आदि पर विस्तार से बताया गया। क्या है इम्प्लांटः इम्प्लांट एक माचिस की तीली के आकार की छोटी, पतली और लचीली रॉड है, जिसे महिला की बांह के ऊपरी हिस्से में त्वचा के नीचे लगाया जाता है. यह 3 साल तक अनचाहे गर्भ से सुरक्षा प्रदान करता है। विदित हो कि बिहार के दो जिलों पटना एवं भागलपुर में इम्प्लांट लगाने की सुविधा मौजूद है. पटना में पीएमसीएच, गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भागलपुर में सदर अस्पताल, भागलपुर एवं जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सब डरमल इम्प्लांट लगाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्मुखीकरण कार्यशाला में सिविल सर्जन मिथिलेश्वर कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विवेक कुमार सिंह, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक गिरीश चंद्र ओझा, सबडर्मल इंप्लांट मास्टर ट्रेनर जिला पटना डॉक्टर मैहर एवं डॉक्टर श्वेता मिश्रा सहित पी एस आई इंडिया प्रतिनिधि मिराजुद्दीन,शिशिर गुप्ता संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# 49 सैंपल की जांच में मिले 11 डेंगू मरीज, मरीज भर्ती

पटना सिटी. एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 49 सैंपल की जांच मंगलवार को की गई। इसमें 11 डेंगू संक्रमित मरीज मिले। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि मरची की 22 वर्षीया महिला, बख्तियारपुर की 35 वर्षीया महिला, बाजार समिति की 22 वर्षीया महिला, बैरिया की 20 वर्ष की महिला, आलमगंज की 15 वर्ष की किशोरी, गुलजारबाग के 26 वर्षीय युवक, फतुहा के 20 वर्षीय युवक, कुम्हरार के नौ वर्ष का बच्चा, 30 वर्ष की महिला, 35 वर्ष की महिला और 19 वर्ष का युवक संक्रमित है। अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के 11 मरीज भर्ती हैं। इसमें मेडिसिन विभाग में सात और शिशु रोग विभाग में चार मरीज भर्ती है। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में 55 बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है ।संक्रमित मरीज ओपीडी में उपचार कराने आये थे।

# राजभाषा पखवाड़ा के अवसर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 02 सितंबर से 25 सितंबर तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं/कार्यशाला का आयोजन कराया जाएगा. इसी क्रम में .02 सितंबर को हिंदी कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ. इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया. उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. कंचन कुमारी, सहायक प्रोफेसर, वैशाली महिला कॉलेज, हाजीपुर ने हिंदी भाषा राजभाषा से विश्वभाषा की ओर विषय पर बोलते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में कार्यशालाओं का महत्वपूर्ण स्थान है. इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार की राजभाषा नीति-नियमों का उल्लेख किया और बताया कि राजभाषा में कार्य करने के लिए नीति-नियमों को जानना जरूरी है. उनका कहना था कि हमलोग खुशकिस्मत हैं कि हमारी मातृभाषा हिंदी है, परंतु साथ में यह भी सत्य है कि इससे हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ती है कि हम अपनी मातृभाषा के प्रयोग-प्रसार में क्या योगदान देते हैं? डॉ. कंचन कुमारी ने शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को उजागर किया और बताया कि तमाम अवरोधों के बावजूद हर क्षेत्र में हिंदी आगे बढ़ रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 04 सितम्बर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# सकरा में 5 करोड़ की लागत से बनेगा रेफरल अस्पताल का नया भवन

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की पहल पर सकरा में 5 करोड़ की लागत से रेफरल अस्पताल के भवन निर्माण की स्वीकृति सरकार द्वारा दी गई है। जिला पदाधिकारी ने सकरा में पुराने भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति को देखते हुए सरकार को नए भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा था।जिले में 24 हेल्थ वेलनेस सेन्टर का भवन बनकर तैयार है। जिला पदाधिकारी ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा मरीजों को सहज रूप में दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने हेतु हेल्थ वेलनेस सेन्टर को आवश्यक संशाधनों से लैस करते हुए जनहित में अविलंब शुरू कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर विविध प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाएगी, जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, हाईपरटेंशन की जांच एवं मुफ्त दवा, स्वस्थ रहने हेतु योग सत्र का आयोजन, 14 प्रकार की पैथेलॉजिकल जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला पदाधिकारी ने सभी तैयार भवनों में हेल्थ वेलनेस सेन्टर का शुभारंभ कर अविलंब रूप से जनता को समर्पित करने का निर्देश दिया।

आज 4 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलायी जाएगी। इस कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संपादन हेतु जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गयी तथा स्वास्थ्य विभाग, आई.सी.डी.एस. एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कृमि मुक्ति दवा का वितरण एवं उपयोग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करने तथा निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी भी अपने स्तर से विद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों की स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील होते हुए एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु जिला पदाधिकारी ने सी.डी.पी.ओ. एवं बी.ई.ओ. को जिला स्तर पर फोटोग्राफ भेजने तथा रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उक्त कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। इस अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कितने बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलायी गयी। इस कार्य में सभी संबंधित अधिकारियों को सक्रिय एवं तत्पर होकर कार्य करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 17 सितम्बर से 30 सितम्बर तक सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श एवं निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके तहत महिला वांध्याकरण, पुरूष नसबंदी, गर्भनिरोधक गोलियां, कॉपर-टी, गर्भनिरोधक इंजेक्शन, कंडोम आदि की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के ए.एन.एम., ममता, आशा तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के सेविका सहायिका एवं जीविका दीदीयों को इस संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक योग्य लाभुक सरकार के इस महत्वाकांक्षी अभियान से लाभान्वित हो सके। उन्होंने जिले के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर इस अभियान के संबंध में सरकार द्वारा अनुमोदित फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को कहा। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया कि 22 सितम्बर से 26 सितम्बर तक जिले में पल्स पोलियों अभियान चलेगा, जिसमें शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दो बूंद खुराक पिलायी जाएगी। जिला पदाधिकारी ने उक्त कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## उत्तर बिहार में मानसून फिर हुआ निष्क्रिय अगले 5 दिनों तक बारिश की सम्भावना नहीं

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार में मानसून एक बार फिर निष्क्रिय हो गया है।इस कारण अगले 5दिनों तक अच्छी बारिश की सम्भावना नहीं है।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 4से 8 सितम्बर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी है। पूवार्नुमान के अनुसार इस अवधि में अधिकांश स्थानों पर मौसम के शुष्क रहने की सम्भावना है। तराई के जिलों में 4-5 सितम्बर तक हल्की बारिश की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34से 36डिग्री और न्यूनतम तापमान 26से 29डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में 10 से 15किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.8 एवं 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्धता 93 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 77 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.5 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक पाष्पन 3.2 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 5.2 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.9. एवं दोपहर में 35.5 डिग्री सेल्लियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 1.6 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। धान की फसल को खैरा रोग से बचाने के लिए किसानो को धान की फसल में इस बीमारी का लक्षण दिखाई देने पर खेतों में जिंक सल्फेट 50 किलोग्राम तथा 2.5 किलोग्राम बुझा चूना कर 500 लीटर पानी में घोल बना कर एक हेक्टेयर में छिड़काव करने की सलाह दी गई है।धान की फसल में पत्ती लपेटक (लीफ फोल्डर) कीट की निगरानी करें। इस कीट के पिल्लू धान के पत्तियों के दोनों किनारी को रेशमी धागे से जोड़कर उसके अन्दर रहते है तथा पत्तियों की हरीतिमा को खाता है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर बचाव के लिए करताप हाईड्रोक्लोराईड दाने-दार दवा का 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से व्यवहार करने को कहा गया है।

धान की फसल में ब्राउन प्लांट होपर कीट पौधा की पत्तियों एवं तने से रस चूसता है जिससे पतिया सुखी हुई तथा भूरे रंग की हो जाती है। प्रारंभ में यह एक स्थान में रहते है जो बाद में सारे खेत में फैल जाते हैं एवं कभी-कभी यह सारी फसल को नष्ट कर देती है। यदि प्रकोप दिखाई दे ती इमिडाक्लोरोप्रिड / ०.३ मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से धोल कर आसमान साफ रहने पर छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

## रवि शंकर व राजीव के परिजन से मिले पूर्व मंत्री

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार मंगलवार को कांटी क्षेत्र के छपरा एवं हरिदासपुर गांव पहुंचे, जहां सड़क दुर्घटना में मृत रवि शंकर सिंह व राजीव पासवान के परिजन से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। इस मौके पर उन्होंने दोनों नौजवानों के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की इन दोनों के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुआ है। ये दोनों युवक सामाजिक कार्यकर्ता थे , साथ ही समाज के बेहतरी के लिए अनवरत लगे रहते थे। इस अवसर पर श्री कुमार ने दोनों नौजवान को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण कराने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। विदित हो कि रविशंकर का मृत्यु बीते रविवार को पहाड़पुर शनिमंदिर के पास सड़क दुर्घटना में हो गया था, वही राजीव पासवान का मृत्यु ब्रेन हेमरेज होने के कारण उनके पैतृक गांव हरिदासपुर में हो गया था। मृतक के परिजनों से मिलने व सांत्वना देने वालों में श्री कुमार के अलावा मुखिया इंद्र मोहन झा, सरपंच प्रतिनिधि नीरज मिश्रा , अमरदेव सिंह, पैक्स अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश, अनिल सिंह, विनय सिंह ,ब्रजेश सिंह , गोपाल सिंह , अखिलेश ठाकुर ,चंचल गोस्वामी, साकेत रमन पांडे आदि प्रमुख थे।

## जल्द ही जीविका दीदियों के जिम्मे होगी डीएमसीएच की साफ-सफाई

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। डीपीएम ऋचा गार्गी की अध्यक्षता में मंगलवार को दरभंगा के जीविका जिला कार्यालय में एक दिवसीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई,जिसमें सभी बीपीएम और वित्तीय समावेशन विषय के नोडल अधिकारियों ने हिस्सा लिया।बैठक में राज्य परियोजना प्रबंधक समीर कुमार, राज्य परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र तिवारी, और प्रबंधक मुकेश तिवारी सुधांशु भी शामिल हुए।बैठक में जीविका के विभिन्न संकेतकों पर गहन समीक्षा की गई और आगे की कार्यनीति के लिए प्रभावी योजना तैयार की गई। एसपीएम पुष्पेंद्र तिवारी ने जीविका के कार्यों की सराहना की लेकिन यह भी कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए अधिक सुदृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।ऋचा गार्गी ने लोकोस एप्प में सभी जीविका दीदियों और जीविका सामुदायिक संस्थानों की प्रविष्टियों की सख्त निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया और जल्द से जल्द इनकी इंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसपीएम समीर कुमार ने नॉन फार्म गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की और डीएमसीएच में संचालित जीविका दीदी की रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही डीएमसीएच में साफ-सफाई का कार्य भी जीविका दीदियों के जिम्मे होगा, जिसके लिए दीदियों का चयन किया जा चुका है और पूरी रणनीति तैयार है। इस कार्य का विधिवत उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा।

## टोल फ्री नंबर पर की गई शिकायत का बीडीओ ने किया जांच

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। शिक्षा विभाग के टोल फ्री नंबर पर की गई शिकायत का बीडीओ ने किया जांच। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलकेश्वर के प्रधानाध्यापक राजकुमार ठाकुर के विरुद्ध विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका ने आरोप लगाया था कि श्री ठाकुर विद्यालय के शिक्षको के साथ अभद्र व्यवहार, सहायक शिक्षक से रंगदारी सहित कई मामलों को लेकर विद्यालय के ही शिक्षकों ने शिकायत की थी। शिकायत के आलोक में बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु मंगलवार को तिलकेश्वर विद्यालय का जांच करने पहुंचे जहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय से गायब मिले। वहीं सहायक शिक्षकों से विद्यालय के पंजी के बारे में पूछा गया तो, शिक्षकों ने बताया कि प्रधानाध्यापक सभी पंजी को कार्यलय में ताला मारकर चले जाते है।इतना ही नही विद्यालय के सहायक शिक्षक ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक श्री ठाकुर विद्यालय के सभी सहायक शिक्षक रंगदारी मांगते है और नही देने पर विद्यालय में उपस्थित रहने के बाद भी अनुपस्थित कर देता है साथ ही महिला शिक्षिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है।इस मामले में बीडीओ श्री जिज्ञासु ने बताया कि जाँच प्रतिवेदन के साथ अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सह नोडल पदाधिकारी दरभंगा को लिखने की बात कही।

## जयनगर में 25 लोगो ने ग्रहण की अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान की सदस्यता

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के जयनगर में आर्य कुमार पुस्तकालय में अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक गुरु जी गौतम ऋषि की अध्यक्षता में सफल बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनिल बौरोलिया, दिनेश झांगड़, दीपशिखा सिंह , जगदीश श्राफ सहित जयनगर शहर के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए। बैठक में मधुबनी जिला एवं आसपास के क्षेत्र में गौ सेवा के लिए गौशाला संचालित करने पर चर्चा हुई।

बैठक में मंथन के बाद 25 सदस्यों ने अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान में सदस्यता ग्रहण की। जिसके बाद गुरु जी गौतम ऋषि ने सभी सदस्यों को संगठन का पटका पहनाकर संस्था में उनका स्वागत किया। जिसके बाद गौतम ऋषि ने सभी नवागत सदस्यों को ये आश्वासन दिया कि संगठन सदैव गौ सेवा एवं गौ रक्षा के लिए कार्यरत रहेगी।

## भू सर्वेक्षण:बड़ी कठिन डगर है पनघट की

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के गांवों में इन दिनों भूमि सर्वेक्षण की धूम मची हुई है। अपनी जमीन के कागजात जुटाने के लिए रैयतों में अफरा-तफरी की स्थति है।वे भागे - भागे फिर रहे हैं।कोई हल्का कर्मचारी की चिरौरी कर रहा है तो कोई अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। तो कोई शपथपत्र बनवाने के लिए कोर्ट -कचहरी का चक्कर लगा रहा है। जिनकी जमीन का खतियान उनके दादा , परदादा के नाम है और फिलहाल उनके उत्तराधिकारी दो-तीन ,चार -पाच भाई -बहन हैं ,तो पुश्तैनी जमीन पर दावे के लिए वंशावली जरूरी है। वंशावली बनाने के लिए पंचायत सचिव कार्यपालक दंडाधिकारी से शपथपत्र बंवा पहले कार्यपालक दंडाधिकारी से शपथपत्र बनवा कर लाने की बात कह रहे हैं। फिर वंशावली के आवेदन पर चार गवाहों के हस्ताक्षर के साथ , वार्ड सदस्य , आंगनवाड़ी सेविका,पंच और मुखिया की अनुशंसा करा कर ग्राम कचहरी के सरपंच और पंचायत सचिव से वंशावली निर्गत करने की गुहार ,मनुहार। उधर से जवाब मिलता है ,15 दिन बाद। इस सर्वे ने बहनों की पूछ काफी बढ़ा दिया है। अभी कल तक जो ननदें अपनी भाभियों को फूटी आंख नहीं सुहाती थीं , अब उसके मायके से नेग भेजा जाने लगा है , उसकी खूब खातिरदारी और आवभगत होने लगी है। जानते हैं ,ऐसा क्यों हो रहा है ?नहीं जानते होंगे तो जान लीजिए।सरकार ने कानून बना कर पिता की सम्पत्ति में बेटी का भी बराबर का अधिकार दे दिया है। इससे पिता की जमीन में बहन के हिस्से की जमीन भाई के नाम तभी होगा, जब बहन शपथपत्र देकर अपना हिस्सा लेने से इन्कार कर देगी। इसलिए भाई अपनी बहन के साथ कचहरी जाकर शपथपत्र बनवाने में जुट गया है। अब एक झलक कचहरी में शपथपत्र बनवाने हेतु टिकट लेने के जद्दोजहद की। यहां एक ही टिकट काउंटर है और लाईन बहुत लम्बी। जरूरतमंद अपने -अपने गांव से अहले सुबह चलकर 7 बजे सुबह ही टिकट काउंटर के सामने लाईन में लग जाते हैं। दस बजे काउंटर के खुलते ही धक्का मुक्की शुरू।किसी का कुर्ता फटता है तो किसी का गमछा नीचे गिरता है ,जिसे उठाने में वह खुद गिरता है ,खरोंचें लगती हैं।।ऐसे में जिसने टिकट पा लिया वह विजेता बन सीना फुलाए लाईन से बाहर निकल शपथपत्र बनवाने की अगली प्रक्रिया पूरी करने में जुट जाता है।चार बजते ही टिकट काउंटर बंद। जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया ,उनके चेहरे पर चिंताजनित उदासी। कल फिर लाईन में लगने की मजबूरी। वैसे शपथपत्र के टिकट का मूल्य सौ ,सवा सौ रुपये है ,लेकिन बिचौलिए उसे तीन से चार सौ रुपये में उपलब्ध करा देते हैं। जिन वकीलों की कचहरी में नहीं चलती ,वे इन दिनों गांव का रुख कर अपना ठौर तलाश लिए हैं।उनके यहां भी भीड़ जुटने लगी है। डेढ़ से दो हजार रुपये के साथ अपनी वंशावली का नमूना उनको सौंप इस ओर से निश्चिंत हो जाइए।हफ्ता दो हफ्ता में शपथपत्र आपके हाथों में। जिसकी जमीन की बर्षो से दाखिल -खारिज नहीं हुआ ,जिस रैयत की जमाबंदी नहीं है ,या जमाबंदी में त्रुटि है, त्रुटियों का परिमार्जन नहीं हुआ ऐसी अनेक समस्याएं। सब के सब परेशान। कहीं कोई सुनने वाला नहीं। वाम राजनीतिक दलों की बैठकें शुरू हो चुकीं हैं।इसमे भूदान ,सिकमी ,गैरमजरुआ जमीन पर दखल कब्जा , एवं इससे सम्बन्धित कागजात उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर धरना -प्रदर्शन की बातें होने लगी है। ऐसे ही मामले में 70 बर्ष का शंकर अपनी जमीन का कागजात तलाशने के लिए दर-दर की खाक छान रहा है। 1960 के सर्वे और चकबंदी में उसके मौजा का चकबंदी फाइनल नहीं हुआ था। यहां अब भी 1885 के सर्वे वाले कागजात के आधार पर ही रैयतों को उनकी जमीन पर दखल - कब्जा है।

## सभी प्रखंडों में लंबित मुकदमा को लोक अदालत में निष्पादन के लिए प्रस्तुत करायें : जिला न्यायाधीश



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने जिले के अचंलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के साथ बैठक की।

उन्होंने अंचल अधिकारियों से कहा कि सभी प्रखंड के अंचल कार्यालय में लंबित मुकदमा पूर्व मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन के लिए प्रस्तुत करायें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत कि तिथि 14 सितंबर करीब है जिस कारण पक्षकारों को अपने स्तर से सूचना करते हुए मामलों को लोक अदालत में भेंजें।दूसरी ओर राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालयों द्वारा जारी नोटिसों के तामिले के संदर्भ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने थानाध्यक्षों के साथ भी समीक्षात्मक बैठक किया। थानाध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पक्षकारों तक सभी नोटिसों को पहुंचवाया जाए। पक्षकारों को नोटिस के जरिए ही मालूम होता है कि उसका मामला लोक अदालत में समाप्त होने लायक है। लोग लोक अदालत के जरिए मामलों का निष्पादन कराना चाहते हैं, क्योंकि वे इसके फायदो से बहुत हद तक अवगत हो चुके हैं। जितना अधिक नोटिस तामिल किया जाएगा उतना अधिक मामलों का निष्पादन होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने कहा कि न्यायालय के अलावा विभिन्न बैंकों आदि के मामलों से संबंधित नोटिसों का भी तामिला करायें। साथ ही तामिला रिपोर्ट संबंधित न्यायालय या प्राधिकार कार्यालय में वापस करायें।

## खजौली में गणेश पूजा को लेकर भव्य पंडाल निर्माण जारी



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली स्थानीय बाजार में किसान भवन परिसर में प्रति वर्ष के भाती इस साल भी गणेश पूजा को लेकर भव्य पंडाल निर्माण पूजा कमिटी के सदस्यों के लोगो द्वारा जोर शोर से तैयारी में जुटे है. गणेश पूजा कमिटी के अध्यक्ष राम कुमार सिंह ने बताया कि 7 से 13 सितंबर तक गणेश पूजा का विसर्जन किया जाएगा.उन्होने कहा की सात सितंबर को सुवह 7 बजे में गणेश पूजा को लेकर पूजा स्थल से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी. इस पूजा को लेकर किसान भवन परिसर में साज सजावट की तैयारी में कमिटी के सदस्य दिन रात काम पर लगे है. उन्होने कहा कि खजौली में गणेश पूजा लगभग 50 वर्षो से लगातार पूजा अर्चना हो रही है.इस पूजा के दौरान लगभग एक किलोमीटर में सभी प्रकार की समान की मेला में उपलब्ध के साथ सर्कस, मौत की कुआ, टावर झूला, जमपुरी नाटक सहित अनेकों प्रकार मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेगा.वही गणेश पूजा कमिटी के सदस्यों द्वारा दूर दराज से आए श्रद्धालुओं भक्त को ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है.इस पूजा के दौरान मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं भक्त की सुरक्षा के लिए पूजा समिति द्वारा पुख्ता प्रबंध किया गया है. गणेश पूजा कमिटी के अध्यक्ष ने समस्त जिलावासी से आग्रह किया है कि पूजा में शामिल होकर पुण्य की भागी बने।

## भाजपा का सदस्यता अभियान वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन : सांसद

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।भाजपा के सदस्यता अभियान की राष्ट्रीयता स्तर पर शुरूआत हुई। दिल्ली स्थित मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के हाथों देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पार्टी के पहले सदस्य बने। इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेताओं तथा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मे सदस्यता अभियान के मुद्दे पर पीएम मोदी के संबोधन एवं विचारों को भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणाप्रद बताते हुए कहा की पीएम मोदी ने जिस तरह जनसंघ और भाजपा के स्थापना काल के समय संस्थापको के संघर्ष को रेखांकित किया है और उनके योगदानों की चर्चा की है

वह आजकी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी के संबोधन में भाजपा के सत्ता शीर्ष तक पहुंचने में योगदान देने वाली पीढ़ियों के योगदानों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा की जब भाजपा के 2 सदस्य हुआ करते थे तब कांग्रेस ने भाजपा का मजाक उड़ाया था लेकिन भाजपा के पूर्ववर्ती पीढ़ियों के संघर्ष वलीदानो की देन है आज भाजपा का कमल देश के चारो ओर कमल खिल रहा है। सांसद डा ठाकुर ने कहा है कि पीएम मोदी ने जिस तरह पार्टी के सदस्यता अभियान को पार्टी नही बल्कि अपने परिवार का विस्तार बताया है तथा इस आभियान को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया है उससे पार्टी कार्यकताओं में उत्साह बढ़ा है ।

संसद डा ठाकुर ने सदस्यता अभियान के क्रम में पीएम मोदी जी द्वारा आगामी चुनावों में लोकसभा से लेकर विधानसभाओं में आधी आबादी के लिए एक तिहाई आरक्षण की चर्चा को मातृ शक्ति का सम्मान बताते हुए कहा है की यह अभियान आनेवाले समय में एक उदहारण बनेगा। सांसद डा ठाकुर ने सदस्यता अभियान में 10 करोड़ के लक्ष्य को पुरा करने के लिए पीएम मोदी द्वारा सदस्यता के लिए 51 दिनों तक चलने वाले आभियान में मिस्डकॉल नमोएप वेबसाइट क्यूआर कोड तथा स्कैन की सुविधा के उल्लेख किए जाने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा इन माध्यमों से अपने आभियान को पूरा कर 2047 तक हम श्रेष्ठ भारत तथा विकसित भारत के संकल्पों को तक पहुंचने में सफल होंगे। सांसद डा ठाकुर ने पार्टी के सभी नेताओ पदाधिकारीयों तथा कार्यकर्ताओ से पीएम मोदी जी के संकल्पों को पुरा करने के लिए सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील की है

## पंचायत जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता कर्मियो के साथ बैठक आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के दतुआर पंचायत सरकार भवन के सभागार में मंगलवार को पंचायत जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता कर्मियो के साथ बैठक किया गया.इस बैठक के दौरान बीडीओ लवली कुमारी ने उपस्थित पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि पंचायत में स्वच्छता कर्मियों को मानदेय की भुगतान अविलंब करने का निर्देश दिया गया.उन्होंने उपस्थित मुखिया एवं पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि पंचायत में लोहिया स्वच्छता अभियान में ई रिक्सा,ठेला, टूटे हुए डब्बा को मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि पंचायत के घर घर पहुंच कर प्रतिमाह 30 रुपए शुल्क वसूलने की जिम्मेदारी जीविका एवं पंचायत के वार्ड सदस्य को निर्देश दिया गया है. बीडीओ ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि प्रतिदिन सभी वार्ड में कचरा उठाव करने का निर्देश दिया गया.इस मौके पर मुखिया बबलू महतो, उप मुखिया ,पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य सहित सभी स्वच्छता कर्मी मौजूद थे।

## महिला सशक्तिकरण की मजबूत स्तंभ थी सुमित्रा देवी

प्रात: किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। सीपीएम जनवादी महिला समिति की सदस्य सुमित्रा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर पार्टी की ओर से उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मंगलवार को नगर पंचायत सिंहवाड़ा में आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत सुमित्रा देवी को महिला सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ बता कर माकपा में उनके योगदान की चर्चा की। सीपीएम अंचल मंत्री अनिल महाराज की अध्यक्षता व किसान सभा के जिलाध्यक्ष महेश दुबे के संचालन में हुई सभा मे वक्ताओं ने स्वर्गीय सुमित्रा देवी की जीवनी पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कहा कि गरीब, मजदूरों और किसानों के हक के लिए संघर्ष किया। पार्टी में विभिन्न पदों को सुशोभित करने वाली सुमित्रा ने उप मुखिया बनकर शोषित एवं वंचितों की आवाज बुलंद की। जिला सचिव मंडल सदस्य गोपाल ठाकुर ने कहा कि सुमित्रा देवी गरीबों और किसानों की मसीहा थी। उनके सपनों को साकार करने के लिए सभी कार्यकताओं को गंभीरता पूर्वक काम करना होगा। सभा को वार्ड पार्षद सदानंद कुमार, रवि कुमार, जिला कमेटी सदस्य कामिनी देवी, सुशीला देवी, लालबाबू पासवान, राजू मेहतर, रौशन कुमार, जीवछ पासवान, रामखेलावन राम, ओमप्रकाश ठाकुर, लालबाबू मेहतर, शंभू कुमार आदि ने सभा को संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बुनियादी साक्षरता आधारित डिजिटल कोर्स लांच

मुजफ्फरपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामबाग में बुनियादी साक्षरता एवं अक्षर ज्ञान आधारित डिजिटल कोर्स ह्यपठन कौशल का विकासह्व आज लांच किया गया। इस अवसर पर डॉ० सरिता शर्मा (दीक्षा कन्टैन्ट क्रिएटर) ने बताया कि यह कोर्स कक्षा 01 से 05 तक के बच्चों के लिए डायट रामबाग टीम द्वारा बनाया गया है ताकि बच्चो में बुनियादी साक्षरता को बढ़ाया जा सके। संस्थान की प्राचार्य अनामिका कुमारी ने दीक्षा टीम के डॉ० सरिता शर्मा(कन्टैन्ट क्रिएटर), अर्जुन कुमार गिरि(कन्टैन्ट रिव्यूअर), डॉ० संतोष कुमार राणा(कन्टैन्ट मैन्टॉर), तथा दीक्षा विषयवस्तु निर्माण में मदद देने के लिए दीपशिखा पाण्डेय, पप्पू कुमार पंकज, केशव कुमार, ह्यूमन पीपल टू पीपल इंडिया के धीरज कुमार शर्मा आ.ई.पी.ल.की राहिला परवीन को धन्यवाद देकर उत्साहवर्धन किया।

### डीएलड प्रशिक्षु छात्राओं की स्वयं को सुरक्षित करने पर परिचर्चा आयोजित

मुजफ्फरपुर। डायट रामबाग संस्थान परिवार में महिला हेल्प डेस्क प्रभारी, मिठनपुरा थाना की टीम द्वारा संस्थान की डी एल एड प्रशिक्षु छात्राओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने एवं स्वयं को सुरक्षित करने पर एक परिचर्चा आयोजित की गयी। टीम के सदस्यों एसआइ ऋतु राज, एसआइ माधुरी कुमारी एवं एएसआइ अनिता कुमारी द्वारा विपरित लिंग के आक्रामक व्यवहार से सुरक्षा हेतु कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये साथ ही उन्हें 24 घंटों के लिए एक संपर्क नंबर उपलब्ध कराया गया जो 9031070950 है। बताया गया कि इस संपर्क नंबर पर किसी भी वक्त संपर्क कर मदद मांगी जा सकती है। संस्थान परिसर अवस्थित संलग्न अभ्यास शाला की छात्राओं को भी सुरक्षा हेतु सभी महत्वपूर्ण बातें बताई गई। इस कार्य में संस्थान की प्राचार्य अनामिका कुमारी तथा अकादमिक प्रभारी राकेश सिंहा मौजूद थे। मिठनपुरा थाना कोषांग द्वारा लड़कियों एवं महिमा छात्राओं की सुरक्षा के लिए इस आवश्यक एवं अनूठे पहल की डायट रामबाग संस्थान परिवार ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

### उपमुख्यमंत्री करेंगे अवकाश प्राप्त शिक्षक को सम्मानित

दरभंगा(आससे)। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर लनामिवि के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार राज्य के उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा होंगे। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अपराह्न3 बजे कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित जुबली हॉल में आयोजित होगा जिसमें विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट दोनों पक्ष से दस नामजद

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। नगर पंचायत भरवाड़ा में भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से चार लोग जख्मी हो गए। डायल 112 की पुलिस पुलिस में घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। जख्मी रविशंकर सिंह बसंत कुमार सिंह सहित अन्य को उपचार के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी भेजा गया है। इस मामले में दोनों ओर से केस दर्ज कर दस लोगों को नामजद किया गया है। रवि शंकर सिंह ने दर्ज प्राथमिकी में बसंत कुमार सिंह, बलवंत सिंह, कन्हैया कुमार, गुणवंत सिंह, सत्यम सिंह, हर्ष कुमार, सीमा कुमारी को आरोपित किया है। जबकि बसंत कुमार सिंह की ओर से दर्ज केस में रवि शंकर सिंह, शशि कुमार सिंह एवं विवेक सिंह को आरोपीत बनाया गया है। दोनों ओर से हमला करने घर में घुसकर मारपीट करने व महिलाओं के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया गया हैं। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### महिला प्रोफेसर के गले से उड़ाया सोने का चेन

समस्तीपुर, बदमाशों के द्वारा विमेंस कॉलेज की एक सहायक प्राध्यापिका के गले से सोने का चेन छीन लेने की घटना सामने आयी है। सोने के चेन का वजन 10 ग्राम बताया गया है। इस घटना को लेकर विमेंस कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका डॉ सरस्वती कुमारी ने नगर थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करवाया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वह विमेंस कॉलेज में भौतिकी विभाग में सहायक प्राध्यापिका हैं। बीते दिनों वह सुबह में पूजा करने के लिए मंदिर गई थी। इसी दौरान किसी बदमाश ने उनके गले से सोने का चेन काट लिया था। उस समय किसी अत्यंत जरूरी काम की वजह से उन्हें पटना निकलना पड़ गया था। जिसकी वजह से उन्हें घटना के संबंध में आवेदन देने में देर हुई। उन्होंने पुलिस से इस संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सम्पादकीय

## वर्षा जल को बर्बाद होने से बचाएं

विष्णु अग्रवाल

मानसून का महीना हर किसी को आत्मिक आनंद से सराबोर करने वाला होता है इस समय नील व्योम काली घटाओं के केन्द से बंद मेघो के माध्यम से वसुधा को अपनी असमी स्वर्णिम जलबूंदो से तरबतर करने को उत्साहित व आतुर दिखाई पड़ता है। शीतलता भरी छुअन घुल जाने से प्राणी जगत को भीषण गर्मी से राहत मिलने लगती है।

भले शहर में मिटटी के लोग बारिश में भीग जाने से कतराते हो, लेकिन गांव में तो आज भी बारिश को एक उत्सव व त्योहार के रूप में मनाने व बिंदास होकर खूब भीग जाने की परम्परा जीवित है। यहां तो बारिश के आगाज के साथ ही नग्गे बदन बच्चो की टोलियां में धमा चौकड़ी मचाती हुई देखी जा सकती है। हम मानसून की मस्ती में इतने भी मशगूल नही हो जाए कि वर्षा जल संचयन को ही भूल जाऐ। हाल के वर्षो मे वर्षा जल संचयन को लेकर व्यक्तिगत प्रयासो में कमी आई है। पहले गांवो में वर्षा जल संचयन परंपरा का एक अभिन्न अंग हुआ करता था। दुनिया के सर्वाधिक बारिश होने वाले क्षेत्रो में भारत भी है, यहां हर वर्ष बर्फ पिघलने ओर वर्षा जल के रूप में औसतन ४००० अरब घनमीटर पानी प्राप्त होता है, जबकि यह देश वर्षा जल का १८६९ अरब घनमीटर (मतलब सिर्फ ४६ प्रतिशत) पानी का उपयोग कर पाता है, बाकी ५४ प्रतिशत पानी व्यर्थ में बहकर नदी-नालो के द्वारा समुद्र में चला जाता है। मणिपुर से भी छोटे इजराइल जैसे देशो में जहां वर्षा का औसत २५ से.मी. से भी कम है, वहां भी जीवन चल रहा है।

वहां जल प्रबंधन तकनीक अति विकसित होकर जल की कमी का आभास नही होने देती, अपितु कृषि से कई बहूमूल्य उत्पादो का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहा है। बारिश के पानी का विभिन्न स्रोतो व प्रकल्पों व सुरक्षित व संग्रहित रखना व करना वर्षा जल संचयन कहलाता है। वर्षा जल संचयन वर्षा जल के भंडारण को संदर्भित करता है, ताकि जरूरत पड़ने पर बाद में इसका उपयोग किया जा सके। इस तरह व्यपाक जलराशि को एकत्रित करके पानी की किल्लत को कम किया जा सकता है।

भारत में पेयजल संकट एक प्रमुख समस्या है। भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा ह और इस वजह से पीने के पानी की किल्लत बढ रही है सिकुडती हरित पटटी इसका मुख्य कारण है। पेड़ों से जहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा हासिल होती है वही यही पेड़ भूमिगत जल का स्तर बनाये रखने में भी अहम् भूमिका निभाते है। लेकिन दुत गति से होने वाले विकास कार्यो ने हमारी हरित पटटी की तेजी से बलि ली है उसी का नतीजा है कि न सिर्फ भूमिगत जल का स्तर नीचे गया है, बल्कि वर्षा में भी लगातर कमी आई है। गौरतलब है कि भारत में दो सौ साल पहले लगभग २१ लाख सात हजार तालाब थे। साथ ही लाखो कुंऐ, बावड़ियां झीलें पोखर और झरने भी हमारे देश की गोदी में हजारो नदियां खेलती थी, किन्तु आज से नदिया हजारो में से केवल सैकड़ो में ही बची है। ये सब नदिया कहां गई कोई नही बता सकता है। जिस भारत में ७० प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा हो यहां आज स्वच्छ जल का उपलब्ध न हो पाना विकट समस्या है। आज देश में करीब ६० करोड़ लोग पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे है। करीब दो लाख लोग स्वच्छ पानी न मिलने के चलते हर साल जान गंवा देते है। नीति आयोग द्वारा जारी समग्र जल प्रबंन्धन सूचकांक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। जिसमें कहा गया है सन २०३० तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जायेगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगो के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा और देश की जीडीपी में छह प्रतिशत की कमी देखी जायेगी। वर्षा जल संचयन के लिए वर्तमान में कई वैज्ञानिक व परंपरागत विधिया प्रयोग में लायी जा रही है। यहां कुछ ऐसी ही विधियों व प्रणाली का उल्लेख किया जा रहा है, जो वर्षा जल संग्रह में सहायता कर सकती है। यह वर्षा जल संग्रहण की सबसे उत्तम व आसान विधि है। इस विधि से संचित पानी को किसी अन्य माध्यम से स्वच्छ किये बिना ही इसका मानवहित में उपयोग किया जा सकता है।

## शीर्ष अदालत के हाल के फैसले देते हैं न्यायिक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म बदलाव का संकेत

के रवींद्रन

न्यायालय के दृष्टिकोण के इन पहलुओं के बीच मौलिक कानूनी सिद्धांतों को बनाये रखने की अनिवार्यता के साथ मनी लॉन्डरिंग से निपटने की आवश्यकता को संतुलित करने की जटिलताओं को उजागर करते हैं। यह इन हितों को समेटने के लिए चल रहे प्रयास को भी दशार्ता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि गंभीर वित्तीय अपराधों को संबोधित करते समय कानूनी प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत बनी रहे। दिल्ली के मंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य लोगों को दिल्ली आबकारी नीति के संदर्भ में मनी लॉन्डरिंगऔर इसी तरह के अन्य मामलों में जमानत देने वाले सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले न्यायपालिका द्वारा मनीलॉन्ड्रिंग के आरोपों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगाये गये आरोपों के प्रति दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दशार्ते हैं। ये फैसले न केवल न्यायिक दृष्टिकोण को उजागर करते हैं बल्कि जमानत और हिरासत के सिद्धांतों के बारे में अदालत के व्यापक रुख पर भी प्रकाश डालते हैं। सिसोदिया के मामले ने उनके हाई-प्रोफाइल स्वभाव और उनके खिलाफ आरोपों की गंभीरता के कारण बहुत ध्यान आकर्षित किया है। जमानत देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अदालत के दृष्टिकोण में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में वर्णित किया गया है, जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत शर्तों की अधिक सूक्ष्म व्याख्या की ओर बदलाव को दशार्ता है। यह दृष्टिकोण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब इसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी प्रेम प्रकाश जैसे प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से जुड़े समान मामलों के साथ देखा जाता है। दोनों पर मनीलॉन्डरिंग के आरोप हैं और उनकी कानूनी लड़ाई अदालत के बदलते रुख को समझने के लिए एक तुलनात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है।

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आपराधिक न्याय में एक महत्वपूर्ण सिद्धांत पर जोर देता है: जमानत नियम होनी चाहिए, अपवाद नहीं। यह सिद्धांत व्यापक न्यायिक दर्शन के साथ संरेखित होता है कि मुकदमे से पहले हिरासत का उपयोग संयम से और केवल असाधारण परिस्थितियों में किया जाना चाहिए। यह रेखांकित करता है कि निर्दोषता की धारणा का सम्मान किया जाना चाहिए और जमानत तब तक दी जानी चाहिए जब तक कि इसे अस्वीकार करने के लिए बाध्यकारी कारण न हों। सिसोदिया के मामले में, न्यायालय ने आरोपों की प्रकृति और ईडी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य की जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उनकी लंबी हिरासत उनके त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित करने के बराबर है क्योंकि न्यायालय ने कहा कि भविष्य में सुनवाई पूरी होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। इसने इस बात पर सावधानीपूर्वक विचार किया कि प्रस्तुत साक्ष्य निरंतर हिरासत को उचित ठहराते हैं या नहीं। यह पीएमएलए के तहत मामलों में पहले अपनाये गये अधिक सख्त दृष्टिकोण से अलग है, जहां ईडी द्वारा आरोपों की गंभीरता के दावे के आधार पर अक्सर हिरासत को लंबा किया जाता था।

पीएमएलए मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां इस फैसले के लिए और भी संदर्भ प्रदान करती हैं। उल्लेखनीय रूप से, न्यायालय ने पुलिस हिरासत के दौरान प्राप्त किये गये इकबालिया बयानों की स्वीकार्यता की जांच की है। हाल के एक मामले में, न्यायालय ने फैसला सुनाया कि एक विशेष मामले में इस तरह के इकबालिया बयानों का इस्तेमाल दूसरे मामले में सुबूत के तौर पर उपयोग नहीं किया जा सकता है, जिससे अभियुक्तों के अधिकारों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व पर बल मिलता है कि सुबूत वैध तरीकों से प्राप्त किये जायें।

हाल के फैसले एक व्यापक न्यायिक प्रवृत्ति के अनुरूप हैं, जो यह सुनिश्चित करने की दिशा में हैं कि कानूनी प्रक्रिया निष्पक्षता और उचित प्रक्रिया के सिद्धांतों का पालन करती है। स्वीकारोक्ति की स्वीकार्यता और जमानत की शर्तों पर न्यायालय का ध्यान इन सिद्धांतों को बनाये रखने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, यहां तक कि महत्वपूर्ण वित्तीय अपराधों से जुड़े जटिल और हाई-प्रोफाइल मामलों में भी। यह विशेष रूप से उस संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जब एजेंसी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए राजनीतिक उपकरण की तरह काम कर रही हो। 2002 में अधिनियमित पीएमएलए को मनी लॉन्डरिंग से निपटने और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया था कि आपराधिक गतिविधियों से होने वाली आय को कम किया जाये। हालांकि, राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ उनके उपयोग के लिए इसके कड़े प्रावधानों की आलोचना की गयी है। कानून संपत्तियों की कुर्की, बिना जमानत के गिरफ्तारी और लंबी हिरासत की अनुमति देता है, जिसका इस्तेमाल व्यक्तियों या समूहों को परेशान करने और राजनीतिक रूप से कमजोर करने के लिए किया जा सकता है।

## सामाजिक परिवर्तन की संवाहक है, लखपति दीदी

**मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से जल्द ही 3 करोड़ दीदी लखपति दीदी बनेंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें एवं प्रगति के नए आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया है। महिलाएं समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है इसलिए प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। ह्यलखपति दीदीह्न प्रधानमंत्री जी के इसी संकल्प का फल है। महिला सशक्त होगी तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य एवं राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति दीदी अभियान से पीढ़ियाँ समृद्ध और सशक्त हो रही है इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने 2500 करोड़ रुपए रिवॉल्विंग फंड के रूप में स्व सहायता समूहों के खातों में डाले है और 5 हजार करोड़ रुपए के बैंक ऋण जारी किए है जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सके।**



शिवराज सिंह चौहान

मेरी बहनों, प्रधानमंत्री जी का संकल्प है किसी बहन के आंखों में आंसू न रहें, हर एक चेहरे पर मुस्कुराहट आए, कोई मजबूर न रहे, इसलिए उन्होंने लखपति दीदी अभियान चलाया है । ऐसी दीदी जिनकी सालाना आय 1 लाख से अधिक हो ऐसी 1 करोड़ दीदी, लखपति बन चुकी है और विगत 100 दिन में 11 लाख दीदी लखपति बनी है ।हमारी सरकार इस अभियान में तेजी से जुटी हुई है । विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में प्रधानमंत्री जी के इस अभियान से लगातार महिलायें जुड़ रही है और स्व सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है । मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से जल्द ही 3 करोड़ दीदी लखपति दीदी बनेंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें एवं प्रगति के नए आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया है। महिलाएं समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है इसलिए प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। ह्यलखपति दीदीह्न प्रधानमंत्री जी के इसी संकल्प का फल है। महिला सशक्त होगी तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य एवं राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति दीदी अभियान से पीढ़ियाँ समृद्ध और सशक्त हो रही है इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने 2500 करोड़ रुपए रिवॉल्विंग फंड के रूप में स्व सहायता समूहों के खातों में डाले है और 5 हजार करोड़ रुपए के बैंक ऋण जारी किए है जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सके। प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि भारत को विकसित बनाने के लिए भारत की प्रत्येक महिला को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा, इसलिए हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति बढ़ाने के लिए सभी दिशाओं में काम कर रही है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, नमो ड्रोन दीदी इसी दिशा में बढ़ाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देने और सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पहलुओं पर सशक्त बनाने की सोच को दशार्ते हैं। आज हमारी लखपति दीदी कृषि और गैर कृषि, कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान, परिवहन सहित व्यापार से जुड़ कर सशक्त हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी जी अपने सामाजिक राजनैतिक जीवन की शुरूआत से ही महिला कल्याण की दिशा में काम कर रहे है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने बहनों-बेटियों के सर्वसमावेशी विकास के लिए ह्यनारी गौरव नीतिह्न जैसी योजना बनाई। बहनें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से सक्षम बनें, इस दिशा में अनेक कार्य किए गए। आज बहनें सिद्ध कर रही हैं कि वह अबला नहीं, सबला हैं। बोझ नहीं, वरदान हैं। आज देशभर में करीब 92 लाख स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं जिनमें 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बहनों ने अपना जीवन बदला है और वे देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी का सदैव यह प्रयास रहा है कि बहनों के जीवन में कैसे खुशियां लेकर आएं। इसके लिए उनके नेतृत्व में अनेक तरह की योजनाएं भी बनाई हैं। जहां एक ओर ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न अभियान और ह्यसुकन्या समृद्धिह्न जैसी योजनाओं के माध्यम से लिंगानुपात में क्रांतिकारी बदलाव आया है। ह्यउज्ज्वला योजनाह्न के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों का खुशहाली से कनेक्शन जुड़ा और धुएं से मुक्ति मिली। आज पीएम मुद्रा योजना और जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बहनों के खाते में खुशियां सीधे पहुंच रही हैं। जल जीवन मिशन जैसे अभूतपूर्व प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों को नल से शुद्ध जल मिलना आसान हुआ है। मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाने का प्रधानमंत्री जी का निर्णय अभूतपूर्व है और इसका सीधा लाभ कामकाजी महिलाओं को मिल रहा है । प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा बेटियों के लिए सैनिक स्कूल के द्वार खोलने जैसे निर्णयों से सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। साथ ही भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और नई भर्ती के द्वार भी खोले गए हैं। तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया जिससे उनका भाग्य बदला है। यह सभी निर्णय प्रधानमंत्री जी की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के परिचायक हैं। खेलों के क्षेत्र में महिलायें आगे बढ़े, नया टैलेंट बाहर आए इसलिए खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से निकली खिलाड़ी बेटियों ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का तिरंगा लहराया है । आजादी के अमृतकाल में नारी का अभ्युदय और प्रत्येक क्षेत्र में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए मोदी जी प्रतिबद्ध हैं। महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण हो , उनके राजनैतिक अधिकार भी सुनिश्चित हो इस दिशा में ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न मोदी जी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई महिला कल्याण केंद्रित योजनाओं से महिलाओं को सुगमता के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। बेटियां गंगा, गीता, गायत्री हैं। सीता, सत्य, सावित्री हैं। दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती हैं। इनके बिना सृष्टि नहीं चल सकती। आज परिवार से लेकर पंचायत तक, शिक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था और उद्यम तक, नारी शक्ति हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है । स्टार्ट अप से लेकर स्पेस तक भारतीय महिलाओं ने अपना परचम लहराया है ।

प्रधानमंत्री जी संकल्प के धनी है। वे दिन और रात काम करते हैं। उन्होंने लाल किले के प्राचीर से कहा कि मैं विकसित भारत बनाने के लिए तीन गुना अधिक ताकत से काम करूंगा। मैं लखपति दीदियों से अपील कर रहा हूँ कि प्रधानमंत्री तीन गुना अधिक ताकत से काम करेंगे तो हम भी उनके पीछे दोगुनी ताकत से काम करेंगे। प्रधानमन्त्री जी का संकल्प है गरीबी मुक्त गांव और वो गांव बनाने में हम भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारे प्राचीन ग्रंथों में लिखा है कि ह्लनारी के बिना यज्ञ अधूरा है।ह्न विकसित भारत के निर्माण और राष्ट्र के संपूर्ण कल्याण का यज्ञ भी नारी के उत्थान एवं उसके सशक्तीकरण के साथ ही संभव है । निश्चय ही आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में माताओं, बहनों एवं बेटियों के कल्याण के जो कार्य हो रहे हैं, वह ह्यविकसित और आत्मनिर्भर भारतह्न की भव्य इमारत को दिव्य आकार दे रहे हैं। आज हमारी माताएं, बहनें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं और हम सब विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देख रहे हैं। संपूर्ण विश्व कह रहा है कि यह समय भारत और भारत की नारी शक्ति के उदय का है।

**(लेखक केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री है)**

## कमला हैरिस या ट्रम्प में कौन बनेगा अमेरिकी राष्ट्रपति

आर.के. सिन्हा

> कुछ वोट ट्रम्प के खाते में भी जाएंगे।पर कमला हैरिस को भारतीय अपना तो मानते हैं। कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन, तमिलनाडू के एक कुलीन बाह्मण परिवार से थीं।यह समाज अपनी बेटियों की शिक्षा पर भी बहुत ध्यान देता है।इसलिए इस परिवार ने श्यामला गोपालन को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई दिल्ली जाने की अनुमति दी।जहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। श्यामला के पिता पी.वी. गोपालन भी सरकारी सेवा में ही थे और मां सफल गृहणी थी।गोपालन जी सरकारी दफ़्तर में टाइपिस्ट थे और अपनी लगन और ईमानदारी के सहारे पदोन्नति पाते रहे।वह अपनी नौकरी के सिलसिले में मद्रास, नई दिल्ली, मुंबईऔर कोलकाता में रहे।डीयू से 19 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद, कमला हैरिस की मां श्यामला ने अमेरिका का उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए रूख किया।उन्होंने अमेरिका में एक अफ्रीकी मूल के शख्स से शादी की, जिसका परिवार कैरिबियाई देश जमाईका में बस गया था।

अमेरिका में बसे लाखों भारतीय डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं या कमला हैरिस के पक्ष में? अगर मीडिया पर आ रही खबरों पर यकीन करें तो कमला हैरिस को तो आज के दिन अधिक लोकप्रिय बताया जा रहा है और प्रतिदिन कमला की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही बताते हैं। भारत सरकार किसे विजयी देखना चाहती है? यह तय है कि भारत सरकार जो भी जीतेगा उसके साथ तो ताल-मेल बैठकर काम तो करेगी ही! यह बात भारत- अमेरिका के गहरे द्विपक्षीय संबंधों की रोशनी में कही जा सकती है, जो लगातार मजबूत होते ही चले जा रहे हैं। एक बात जान लें कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एकमुश्त वोट तो कमला हैरिस को नहीं मिलेंगे, कुछ वोट तो बटेंगे ही! कुछ वोट ट्रम्प के खाते में भी जाएंगे। पर कमला हैरिस को भारतीय अपना तो मानते हैं। कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन, तमिलनाडू के एक कुलीन बाह्मण परिवार से थीं। यह समाज अपनी बेटियों की शिक्षा पर भी बहुत ध्यान देता है। इसलिए इस परिवार ने श्यामला गोपालन को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई दिल्ली जाने की अनुमति दी। जहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। श्यामला के पिता पी.वी. गोपालन भी सरकारी सेवा में ही थे और मां सफल गृहणी थी। गोपालन जी सरकारी दफ़्तर में टाइपिस्ट थे और अपनी लगन और ईमानदारी के सहारे पदोन्नति पाते रहे। वह अपनी नौकरी के सिलसिले में मद्रास, नई दिल्ली, मुंबईऔर कोलकाता में रहे। डीयू से 19 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद, कमला हैरिस की मां श्यामला ने अमेरिका का उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए रूख किया। उन्होंने अमेरिका में एक अफ्रीकी मूल के शख्स से शादी की, जिसका परिवार कैरिबियाई देश जमाईका में बस गया था। इस लिहाज से देखा जाए तो कमला हैरिस को भारतीय और अफ्रीकी कहीं ना कहीं अपने से जुड़ा मानते हैं।

उधर, ट्रम्प का भी अपना एक खास जनाधार है ही। वह अमेरिका के 2016-2020 के दौरान राष्ट्रपति रहे हैं। ट्रम्प वह व्यक्ति भी हैं जिन्होंने यूक्रेन और गाजा में संघर्षो को समाप्त करने का वादा किया है, जो लेबनान तक फैल गया है। वह इसे कितना गंभीरता से मानते हैं और क्या वह सफल होंगे, यह अनुमान का विषय है, लेकिन कम से कम उन्होंने वादा तो किया ही है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन भी गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए अपने ढंग से कुछ काम भी कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे डेमोक्रेटिक पार्टी को मदद मिल सकती है। लेकिन न तो बाइडेन और न ही कमला हैरिस ने अब तक गाजा में शांति लाने का कोई ठोस इरादा दिखाया है। ऐसे में क्या ट्रम्प की जीत विश्व शांति के लिए भी मतदाता अच्छी मानेंगें?

अब जरा बात कर ले भारत-अमेरिका संबंधों की। तो ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं, इससे भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा कि व्हाइट हाऊस में ट्रम्प पहुंचते हैं या कमला हैरिस। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध तो बेहतर होते रहेंगे, यही अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विश्लेषक मानते हैं। दोनों देशों के संबंध उस दायरे से कहीं आगे जाते हैं, जब सत्ता परिवर्तन का असर संबंधों पर होता है। इन संबंधों में किसी पर्सनेल्टी का असर नहीं हो सकता। हां, दोनों देशों के नेताओं के निजी संबंधों से संबंध और बेहतर तो हो सकते हैं। यह हमने नरेन्द्र मोदी और बराक ओबामा, फिर मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प और उसके बाद मोदी और बाइडेन के समय देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से अमेरिका के दो पूर्व राष्ट्रपतियों बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक अलग पर्सनल केमिस्ट्री विकसित की थी, वैसी ही केमिस्ट्री उनकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ भी बनी। कुछ अस्वस्थ होने के बावजूद पिछले साल बाइडेन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आए। उसके बाद से उनकी भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से आपसी और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर अक्सर बातचीत होती ही रहती है।

एक बात और। अगर ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति बन जाते हैं तो संसार के इस्लामिक देशों के साथ वे किस तरह का संबंध बनाकर रखना चाहेंगे? वह पहली बार जब राट्रपति का चुनाव जीते थे तब सारा इस्लामिक संसार दुखी था। वह अपनी कैंपेन के दौरान बार-बार इस्लाम को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने इस्लाम को अमेरिका विरोधी बताते हुए उनके अपने देश में प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग तक दोहराई थी। हालाकि उन्होंने कहा था कि उनकी लड़ाई कट्टरपंथी मुसलमानों से है। लेकिन, इस बार वह संभल कर चल रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के पनपने के लिए बराक ओबामा और हिलेरी क्लिंटन को जिम्मेदार मानते हैं। ट्रम्प के इस तरह के बयानों पर उन्हें अमेरिका के गैर- मुसलमानो का समर्थन भी मिला। डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे से सनसनी पैदा हो गई थी कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद दुनिया भर के मुसलमान जश्न मनाने के लिए ह्यसड़कों पर उतरह्न आए थे। उसके बाद उन्होंने कहा, अरब और अमेरिकी मुसलमानों ने आंतकी हमलों का जश्न मनाया था। ट्रम्प ने अपने देश में मुसलमानों की निगरानी करने के लिए एक डाटा बेस बनाने का भी वादा किया था। ट्रम्प ने यह भी कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए अमेरिका के मुस्लिमों पर तगड़ी निगरानी जरूरी होगी। तब उनकी अमेरिकी मीडिया ने तीखी आलोचना की थी। लेकिन ट्रम्प अपने रुख पर कायम रहे थे। यह सच है कि अमेरिका में 9/11 की घटना के बाद औसत अमेरिकी मुसलमानों से डरने और सतर्क रहने लगा था। हालांकि 9/11 की घटना के बाद दुनिया अब बहुत कुछ बदल चुका है। फिलहाल तो यह देखने वाली बात है कि अमेरिका का नया राष्ट्रपति कौन बनता है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## एक लेखक की गोलोक धाम से वापसी



ब्रह्मानन्द ठाकुर

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं..**

अभी -अभी अपनी पुण्यधरा पर गोलोक धाम से मेरी वापसी हुई है। परमानेंटली नहीं , कुछ समय के लिए ।छुट्टी आगे बढ़ाने का आप्शन खुला हुआ है ।मगर इसके लिए गोलोकाधिपति की बूट पालिश करनी होगी। अपना मनचाहा पाने के लिए अपने से ऊंचे ओहदे वालों का बूट पालिश इस पुण्य धरा का चिरंतन सत्य रहा है। छोटका नेता , अपने से बड़का नेता का ,अधीनस्थ कर्मचारी अपने अफसर का,छोटा अफसर बडे अफसर का, खदुका अपने महाजन का,शिष्य अपने गुरु का और लेखक अपने सम्पादक का बूट पालिश कर जब ऊंचा से ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है, जो उसकी खुद की योग्यता से सम्भव नहीं तो गोलोकाधिपति का बूट पालिश कर अपनी पुण्यधरा पर और कुछ दिन बिराजने की अनुमति पा लेना असम्भव नहीं। चलिए ,जब छुट्टी एक्सटेंड कराना होगा ,तब समझेंगे। पंचतंत्र के सुभाषितानि में कहा भी है,

तावत भयस्य भेतव्यं ,यावत् भयं न आगतम।
आगतं ही भयं वीक्ष्य प्रहर्त्व्यं आशंकया।।

बड़ी आसानी और भी आई पी सुविधाओं के साथ पहुंच गया मैं अपनी उस पुरानी पुण्य धरा पर जिसे आज से 75 साल पहले मुझे छोड़ कर गोलोकवासी होने का सौभाग्य मिला था। अपनी पुण्य धरा के प्रति ममत्व और लगाव के कारण मुझे गोलोक धाम ,भले ही कुछ समय के लिए ही सही, छोड़ने पर कोई पछतावा नहीं हुआ। कृष्ण जन्माष्टमी से एक दिवस पहले भोर में मेरा पुनर्पदार्पण अपनी पुण्य धरा पर हुआ। आते ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों से धार्मिक गीत और प्रवचन सुनाई देने लगे। परम्परा और लीक से हटकर युगानुरूप नई परम्परा कायम करने वाले, पुरानी लीक से हटकर नई लीक बनाने वाले महापुरुष कृष्ण का जन्म दिवस मनाने की घनघोर तैयारी ।बड़े -बडे पंडाल। पंडालों की अभूतपूर्व सजावट। यह सब देख मन गदगद हो गया। कहीं भागवत कथा हो रही है ,कहीं सुंदर कांड का आयोजन तो कहीं चौपहरा। बड़ा ही अद्भुत , आनन्ददायक और धार्मिक वातावरण। ह्य हमरा से भंगिया पिसाई ना हो गणेश के पापा ह्य गीत युवकों में गुदगुदी पैदा कर रहा था। इस धार्मिक आयोजन में सभी व्यस्त ।सभी मस्त। ऐसा लगा, इस धरती का हर मानव खुद को बहुजन हिताय ,बहुजन सुखाय समर्पित कर दिया है। सोचा ,अरे बाप रे !ऐसा तो गोलोक धाम में भी नहीं है। वहां तो लोग एक - दूसरे की टांग खींचते रहते हैं। सुबह -सुबह तफरीह में निकला। राह में बसमतिया मिल गई ।माथे पर मोटरी। दुआ -सलाम के बाद मेरे पूछने पर बताई , कोटा का राशन लेने गई थी। महीना में एक बार मिलता है। 5किलो कह कर अंगूठा लगवाता है और देता है 4 किलो। यह सुन हम टुकुर टुकुर उसका मुंह ताकने लगे। अकबर -बीरवल की वह कहानी याद आ गई जिसमें अकबर ने वीरवल द्वारा घूस लेने की शिकायत पर उसे जमुना नदी की लहर गिनने वास्ते डिप्युट कर दिया था ।तब जमुना के रास्ते व्यापारी अपना सामान नाव से लाते - ले जाते थे।

## हमारी समस्या है नागरिक आज्ञाकारिता

सुभाष गाताडे

लोकसभा चुनावों के नतीजों के ऐलान के महज एक सप्ताह के अंदर, आदिवासीबहुल मांडला जिले में सरकारी जमीन पर बने अल्पसंख्यक समुदाय के 11 मकानों को इन आरोपों के तहत ध्वस्त किया गया कि वहां से ह्यबीफ का अवैध व्यापारह्न चलता था। ऐसा दिख रहा था कि ह्यपुलिस/प्रशासन ने अब झुंड का कामह्न अपने हाथ में लिया है. जहां अब राज्य द्वारा निशानदेही पर किए जाने वाले अत्याचार अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा को वैधता प्रदान कर रहे हैं।

विख्यात अमेरिकी इतिहासकार, नाटककार, दार्शनिक और समाजवादी विचारक हॉवर्ड जिन जिनकी लिखी किताब ह्यए पीपुल्स हिस्टरी आफ युनाईटेड स्टेटसह्न की लाखों प्रतियां बिक चुकी हैं, के यह लफ्ज आज भी दुनिया के तमाम मुल्कों में दोहराए जाते हैं जब-जब वहां की जनता हुक्मरानों के हर फरमान को सिर आंखों पर लेती है। वैसे बहुत कम लोग इस वक्तव्य के इतिहास से वाकिफ हैं, जिसे उन्होंने अमेरिका के युद्ध विरोधी आंदोलन के दौरान बाल्टिमोर विश्वविद्यालय के परिसर में रैडिकल छात्रों और परिवर्तनकामी अध्यापकों के विशाल जनसमूह के सामने दिया था। गौरतलब है कि यही वह दौर था जब अमेरिकी सरकार की विएतनाम युद्ध में संलिप्तता को लेकर-जिसमें तमाम अमेरिकी सैनिकों की महज लाशें ही अमेरिका लौट पायी थी। जनाक्रोश बढ़ता गया था और अमेरिकी सरकार पर इस बात का जोर बढ़ने लगा था कि उसे अपनी सेनाओं को वहां से वापस बुलाना चाहिए। याद किया जा सकता है कि इस ऐतिहासिक साबित हो चुके व्याख्यान के एक दिन पहले क्या हुआ था! एक युद्ध विरोधी प्रदर्शन में शामिल होने के चलते उन्हें संघीय पुलिस ने गिरफ्तार किया था और हॉवर्ड जिन को कहा गया था कि वह अगले दिन अदालत में हाजिर हों। सवाल यह था कि क्या वह दूसरे ही दिन अदालत के सामने हाजिर हों, जहां उन्हें चेतावनी मिलेगी और फिर घर जाने के लिए कहा जाएगा या वह बाल्टिमोर जाने के अपने निर्णय पर कायम रहें, रैडिकल छात्रों ने उनके लिए जो निमंत्रण भेजा था उसका सम्मान करें और उसके अगले दिन अदालत के सामने हाजिर हों। यह जाहिर था कि इस हुक्मउदूली के लिए उन्हें कम से कम कुछ दिन/महिने सलाखों के पीछे जाना होगा।

जिन ने बाल्टिमोर जाना ही तय किया, जहां उन्होंने अपना भाषण दिया-जिसकी छात्रों एवं अध्यापकों में जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई और वह लौट आए और अगले ही दिन अदालत के सामने हाजिर हुए और जैसा कि स्पष्ट था कि उन्हें कुछ सप्ताह के लिए जेल भेजा गया। जब-जब हाल के समयों में दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र में ह्यबुलडोजर न्यायह्न की परिघटना सामने आयी है, तब-तब जिन के इस उदबोधन की प्रासंगिकता बढ़ती दिखती है। न्याय के वाहक के तौर पर बुलडोजर के इस रूपांतरण की परिघटना का अब सामान्यीकरण हो चला है। बुलडोजर के माध्यम से जारी इस ध्वस्तीकरण अभियान में फिलवक्त मध्यप्रदेश के छतरपुर में कांग्रेस नेता हाजी शहजाद अली के मकान का प्रसंग सूर्खियों में है। यह अभी भी अस्पष्ट है कि किस के आदेश पर यह विशाल मकान ध्वस्त किया गया? आखिर किस कानून के तहत पुलिस और प्रशासन को यह अधिकार मिल जाता है कि वह भारत के एक नागरिक के बुनियादी अधिकारों पर इस तरह हमला करे। आखिर कब से ऐसा कोई निर्माण-जिसका नक्शा संबंधित अधिकारियों ने पास नहीं किया हो-उसे इस तरह आनन फानन तबाह किया जाता है, जबकि इस मामले में लंबी प्रक्रिया चलती है, अदालत या संबंधित विभाग कुछ जुमार्ना करते है या अधिक से अधिक विवादित मकान का एक हिस्सा गिरा देते हैं। इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि इन ध्वस्तीकरणों को ह्यभाजपा शासित राज्यों में होने वाली घटनाओं में अब अपवाद नहीं कहा जा सकता। लोकसभा चुनावों के नतीजों के ऐलान के महज एक सप्ताह के अंदर, आदिवासीबहुल मांडला जिले में सरकारी जमीन पर बने अल्पसंख्यक समुदाय के 11 मकानों को इन आरोपों के तहत ध्वस्त किया गया कि वहां से ह्यबीफ का अवैध व्यापारइ चलता था। ऐसा दिख रहा था कि ह्यपुलिस/प्रशासन ने अब झुंड का कामह्न अपने हाथ में लिया है. जहां अब राज्य द्वारा निशानदेही पर किए जाने वाले अत्याचार अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा को वैधता प्रदान कर रहे हैं। ध्यान रहे कि यह मसला मध्य प्रदेश या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है, यह सिलसिला भाजपा शासित राज्यों में आम है। तयशुदा बात है कि किसी खास तबके/समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से ऐसी कार्रवाई या हिंसा को महज कानूनी शब्दावली में या उसकी कथित कमियों की बात करके समझा नहीं जा सकता। इतिहास हमें हिटलर के जर्मनी में बने न्यूरेम्बर्ग कानूनों /1935/ के बारे में बताता है जिसने नात्सीहुकूमत के लिए यह बेहद आसान बनाया कि वह यहुदियों के साथ भेदभाव को नीतिगत तौर पर अंजाम दे और उसने जर्मनी में सामीविरोध का भी संस्थाकरण किया जिसकी परिणति नस्लीय सफाये में हुई। ऐसी परिस्थिति, एक तरह से उनके अंदर के अल्पसंख्यक समुदाय को सभी अधिकारों से वंचित करती है और उन्हें बहुसंख्यक समुदाय की दया पर छोड़ देती है। हम ऐसी स्थिति से भी रूबरू हो सकते है जहां औपचारिक तौर पर ऐसे भेदभावजनक कानून अस्तित्व में नहीं है, मगर विभिन्न ऐतिहासिक और अन्य कारणों से ऐसे भेदभाव जनक या पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार अधिकाधिक सामान्य होते जाते हैं। जब प्रशासन पूर्वागहपूर्ण व्यवहार को अंजाम देता है और नागरिक समाज भी ह्यकानून के राज के इस खुल्लमखुला उल्लंघन को लेकर समझौताजनक रूख अख्तियार करता है तब अमन एवं इन्साफ के प्रति सरोकार रखने वाले नागरिकों और आदर्शवादी युवकों के सामने क्या रास्ता बचता है!

सेंसेक्स
82559.84 पर बंद
निफ्टी
25278.70 पर बंद





सोना
70,880
चांदी
86,000

# अक्टूबर में कच्चे तेल की कीमतों में कटौती कर सकता है सऊदी अरब

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब अक्टूबर में एशिया को बेचे जाने वाले अधिकतर कच्चे तेल के ग्रेड की कीमतों में कटौती कर सकता है। ये दुबई में आई गिरावट के बाद बदलाव हो सकता है। कटौती होने के बाद नई अनुमानित मूल्य 50 से 70 सेंट प्रति बैरल के बीच हो सकती है। इससे पता चलता है कि चीन में रिफाइनिंग मार्जिन और ओपेक+ आपूर्ति में वृद्धि कमजोर हुई है।

वहीं उद्योग सूत्रों के मुताबिक सोमवार को शीर्ष तेल निर्यातक सऊदी अरब ने अक्टूबर में एशिया के बेचे जाने वाले अधिकतर कच्चे तेल की कीमत में कटौती करने की उम्मीद जताई है। बीते महीने ही मध्य पूर्व बेंचमार्क दुबई में गिरावट आई थी।

रॉयटर्स के सर्वेक्षण में पांच में से तीन रिफाइनिंग स्रोतों ने कहा कि अक्टूबर में प्रमुख अरब लाइट कच्चे तेल के आधिकारिक विक्रय मूल्य में 50 से 70 सेंट प्रति बैरल की गिरावट आ सकती है। बीते महीने के दुबई मूल्य प्रसार के समान रुझान को दर्शाता है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह की कीमत कटौती कमजोर रिफाइनिंग मार्जिन को दर्शाती है। खासतौर से चीन में जहां



विनिर्माण और संपत्ति क्षेत्र में सुस्ती के कारण ईंधन की मांग कम हो रही है।


एक सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक अब मार्जिन खराब हो चुका है। चीन में मिलने वाले मार्जिन की स्थिति अधिक खराब हो गई है। सूत्रों के मुताबिक आमतौर पर सितंबर तेल की मांग के लिए अच्छा महीना होता है, मगर इस वर्ष ये निराश कर सकता है। ओपेक+ की आपूर्ति भी अक्टूबर से बढ़ने वाली है, क्योंकि समूह के आठ सदस्य अगले महीने 180,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन बढ़ाने वाले हैं, जो कि 2.2 मिलियन बीपीडी की सबसे हालिया उत्पादन कटौती को समाप्त करने की योजना का हिस्सा है, जबकि 2025 के अंत तक अन्य कटौतियों को जारी रखा जाएगा।

हालांकि, अन्य दो उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि अक्टूबर के लिए अरब लाइट के ओएसपी में थोड़ा बदलाव रहेगा। उनमें से एक ने कहा कि ऐसा आंशिक रूप से इसलिए हुआ क्योंकि पिछले महीने व्यापार के अंतिम सप्ताह में दुबई बेंचमार्क मजबूत हुआ था।

भारी ग्रेडों - अरब मीडियम और अरब हैवी - के लिए पांच में से तीन उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि अक्टूबर में कीमतों में 50 सेंट से कम की कमी आएगी, जिसे मजबूत ईंधन तेल की मांग का समर्थन प्राप्त होगा, जबकि शेष दो को 60 से 80 सेंट प्रति बैरल की कीमत कटौती की उम्मीद है।

सऊदी कच्चे तेल के ओएसपी आमतौर पर हर महीने की पांच तारीख के आसपास जारी किए जाते हैं, और ईरान, कुवैती और इराकी कीमतों के लिए रुझान निर्धारित करते हैं, जिससे एशिया के लिए प्रतिदिन लगभग 9 मिलियन बैरल (बीपीडी) कच्चे तेल पर असर पड़ता है। सरकारी तेल दिग्गज सऊदी अरामको अपने कच्चे तेल की कीमतें ग्राहकों की सिफारिशों के आधार पर और पिछले महीने में अपने तेल के मूल्य में बदलाव की गणना करने के बाद, पैदावार और उत्पाद की कीमतों के आधार पर निर्धारित करती है। नीतिगत तौर पर सऊदी अरामको के अधिकारी राज्य के मासिक ओएसपी पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

## इंस्टाग्राम ने भारत में उभरते हुए क्रिएटर्स को मदद देने के लिए क्रिएटर लैब लॉन्च की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज इंस्टाग्राम ने भारत में क्रिएटर लैब लॉन्च की। यह एक शैक्षणिक संसाधन है, जो क्रिएटर्स द्वारा क्रिएटर्स के लिए तैयार किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य कंटेंट निर्माण में रुचि रखने वाले भारतीय युवाओं को सहयोग देना है। इंस्टाग्राम की स्वामी कंपनी, मेटा 2019 से क्रिएटर्स के लिए शैक्षणिक संसाधनों में निवेश कर रही है। क्रिएटर्स का शिक्षा व सशक्तीकरण कार्यक्रम 'बॉर्न ऑन इंस्टाग्राम' विस्तृत रूप से यह शिक्षा संभव बनाता है। यह क्रिएटर्स का एक समुदाय करता है, जो कंटेंट निर्माण के बारे में ज्यादा सीखने और साझेदारियों एवं धनलाभ के अवसरों का निर्माण करने के लिए उत्सुक है। 'बॉर्न ऑन इंस्टाग्राम' पर शैक्षणिक कंटेंट को अपडेट करने के लिए एक क्रिएटर लैब का लॉन्च किया गया है, जो उभरते हुए क्रिएटर्स के लिए एक नया संसाधन है। क्रिएटर लैब में क्रिएटर्स का कंटेंट शामिल होगा, जो अपने अनुभव एवं जानकारी साझा करेंगे और बताएंगे कि जब उन्होंने इसकी शुरुआत की थी, तब वो क्या जानना चाहते थे और ट्रायल एवं एरर द्वारा उन्होंने क्या सीखा है। मेटा इंडिया में डायरेक्टर, ग्लोबल पार्टनरशिप्स, पारस शर्मा ने कहा, ''हम क्रिएटर्स को खुद की स्वतंत्र अभिव्यक्ति करने और अपने तरीके से सफल होने में समर्थ बनाने के लिए समर्पित हैं। हम जानते हैं कि अलग-अलग लोगों के लिए सफलता का मतलब अलग-अलग होता है, और हम अपने उत्पाद के फीचर्स, प्रोग्राम्स, सहयोगों और आर्थिक अवसरों द्वारा निरंतर उन्हें लाभ पहुँचाने के रास्ते तलाश रहे हैं।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

Bandhan Mutual Fund
Badhte Raho

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है जो निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स कोट्रैक करता है। यह इंडेक्स निफ्टी 100 से अलग टॉप 150 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो पर्याप्त ग्रोथ क्षमता वाली स्थापित कंपनियों को एक्सपोजर प्रदान करता है। न्यू फंड ऑफर(एनएफओ) मंगलवार, 03 सितंबर 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और शुक्रवार, 13 सितंबर 2024 को बंद होगा। बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअलफंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और डायरेक्ट के माध्यम से किया जा सकता है।बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड में निवेश करने पर विचार करने के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि मिडकैप फेज की कंपनियांअक्सर आर्गेनाइजेशन के जीवनकाल में 'स्वीट स्पॉट' का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह में कोयला उत्पादन छह प्रतिशत बढ़कर 38.40 करोड़ टन पर



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह (अप्रैल-अगस्त) में देश का कोयला उत्पादन 6.48 प्रतिशत बढ़कर 38 करोड़ 40.8 लाख टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोयला उत्पादन 36 करोड़ 7.1 लाख टन था। समीक्षाधीन अवधि के आंकड़े अस्थायी हैं। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली कोल इंडिया (सीआईएल) का उत्पादन चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान बढ़कर 29 करोड़ 3.9 लाख टन हो गया, जो साल-दर-साल 3.17 प्रतिशत की वृद्धि है। निजी और अन्य इकाइयों से कोयला उत्पादन अप्रैल-अगस्त के दौरान एक साल पहले के पांच करोड़ 28.4 लाख टन से बढ़कर छह करोड़ 89.9 लाख टन हो गया। अगस्त तक संचयी कोयला प्रेषण पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 39 करोड़ 19.3 लाख टन के मुकाबले 41 करोड़ 20.7 लाख टन रहा।

## दो हजार के 97.96 प्रतिशत नोट वापस आये, 7,261 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि 2000 रुपये मूल्य के 97.96 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। अब भी 7,261 करोड़ रुपये के नोट लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उस समय चलन में 2000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। इस साल 30 अगस्त को कारोबार समाप्ति पर यह घटकर 7,261 करोड़ पर आ गया।



आरबीआई ने बयान में कहा, ''इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.96 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं।'' दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक देश में सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। इस मूल्य के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में राशि जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में 2000 रुपये के नोट भेज सकते हैं। बैंक नोटों को जमा/विनिमय करने वाले 19 आरबीआई कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। नवंबर, 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को चलन से हटाने के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट लाये गये थे।

# मुंबई और इंदौर के बीच 18,000 करोड़ से नई रेल लाइन; छह जिलों को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई और इंदौर के बीच 18,000 करोड़ से नई रेल लाइन बनायी जाएगी, इससे छह जिलों को फायदा मिलेगा। मंत्रिमंडल ने नई रेल परियोजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने दो प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों मुंबई और इंदौर के बीच सबसे छोटा रेल संपर्क प्रदान करने के लिए 309 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी है। यह मुंबई में मनमाड और इंदौर को जोड़ने के अलावा दोनों राज्यों के उन जिलों को भी जोड़ेगी जो अब तक रेल मार्ग से नहीं जुड़े थे। इनमें महाराष्ट के 2 और मध्य प्रदेश के 4 जिले शामिल हैं। परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये है और यह 2028-29 तक पूरी हो जाएगी। निर्माण के दौरान इस परियोजना से करीब 102 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा।

यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेगा। परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर संपर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग 1,000 गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को संपर्क मिलेगा। परियोजना देश के पश्चिमी/दक्षिण-पश्चिमी हिस्से



को मध्य भारत से जोड़ने वाला रास्ता उपलब्ध कराकर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी।

इस परियोजना से श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर (90 बड़ी इकाइयां और 700 छोटे और मध्यम उद्योग) को जेएनपीए के गेटवे पोर्ट और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा संपर्क मिलेगा। परियोजना मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधा जोड़ेगी, जिससे देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इसके वितरण में सुविधा होगी।

कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पीओएल आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 26 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (18 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन (138 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

## वेदांता के बोर्ड ने 7,821 करोड़ रुपये के तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता ने चालू वित्त वर्ष के लिए 20 रुपये प्रति शेयर के तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी। इससे चालू वित्त वर्ष के लिए अबतक कुल लाभांश भुगतान 13,474 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 26 जुलाई को चार रुपये प्रति इक्विटी शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी थी, जो 1,564 करोड़ रुपये है। मई में, 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का पहला अंतरिम लाभांश, कुल 4,089 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था।

## सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है, जो युनिवर्सिटी के लॉ प्रोग्राम के लिए बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा है। इस साल प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाया गया है, इसके लिए ऐप्लीकेशन विंडो आधिकारिक रूप से 14 अगस्त 2024 को खोली गई और अब परीक्षा की दिनांक दिसम्बर 13 (शुक्रवार) और दिसम्बर 15 (रविवार) 2024 को रखी गई है, जबकि पारम्परिक रूप से इसका आयोजन मई में किया जाता है।

# एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक अब जेएलआर का अधिमानित वाहन फाइनेंसर होगा, इससे उपभोक्ताओं को विशेष फाइनेंसिंग योजनाएं, विशेष ऑफर/इवेंट और प्राथमिकता वाली सेवाएं/सगाई जैसे कई लाभ मिलेंगे।

इसका उद्देश्य दोनों प्रमुख ब्रांडों की संयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर ग्राहकों को निर्बाध फाइनेंसिंग विकल्प और आधुनिक लक्जरी कार खरीदने का अनुभव प्रदान करना है। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजन अंबा और एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड श्री अरविंद वोहरा ने जेएलआर मॉडल की पूरी रेंज के लिए पेशकशों को शामिल करने वाले इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें श्री अखिलेश कुमार रॉय - बिजनेस हेड, ऑटो लोन और इन्वेंट्री फाइनेंस एचडीएफसी बैंक शामिल थे।



एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड, श्री अरविंद वोहरा ने इस बारे में बात करते हुए कहा, ÷हम जेएलआर जैसे प्रतिष्ठित और महत्वाकांक्षी ऑटोमोटिव ब्रांड के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। बैंक ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी मजबूत निष्पादन क्षमताओं का लाभ उठाएगा। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजन अंबा ने कहा, हमारे डीलर पार्टनर हमारे व्यवसाय के अभिन्न अंग हैं, और हमें उनके व्यवसाय को आसान बनाने में मदद करने के लिए समाधान विकसित करने में सक्षम होने पर प्रसन्नता हो रही है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य बाज़ार को और बढ़ाना और अपने पोर्टफोलियो को ग्राहकों के बढ़ते समूह को पेश करना है। इस उद्देश्य से, हम इस वित्तपोषण कार्यक्रम के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो हमारे डीलर भागीदारों की कार्यशील पूंजी तक पहुँच को और मजबूत करेगा। एचडीएफसी बैंक की विशेषज्ञता और व्यापक पहुँच को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को उनकी व्यक्तिगत ज़रूरतों को पूरा करने वाले वित्तीय विकल्पों की एक अनुकूलित श्रृंखला प्रदान करना है।

## नंदन डेनिम लिमिटेड का भारतीय वस्त्र उद्योग की वृद्धि का हिस्सा बनने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नंदन डेनिम लिमिटेड डेनिम इंडस्ट्री में एक लीडर है। जैसा कि इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री एक अभूतपूर्व बढ़त के लिए तैयारी कर रहा है, टेक्सटाइल कंपनियां इस रिमार्केबल ग्रोथ द्वारा प्रस्तुत अवसरों का दोहन करने के लिए रणनीतिक रूप से तैनात हैं। हाल के उद्योग अनुमानों से पता चलता है कि भारत से टेक्सटाइल एक्सपोर्ट वित्त वर्ष 2026 तक 65 अरब डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है, जबकि डोमेस्टिक मार्केट में 2030 तक इसके 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह आशावादी दृष्टिकोण इस क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी विकास की अवधि का संकेत देता है, जो इंडस्ट्री के ऐसे खिलाड़ी जो इनोवेशन और विस्तार के लिए तैयार हैं के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं पेश करता है। टेक्सटाइल मार्केट में प्रत्याशित वृद्धि हेल्थकेयर, ऑटोमोटिव और इंफ्रास्ट्रख्र जैसे क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों से प्रेरित, गुणवत्ता वाले कपड़ों की बढ़ती ग्लोबल डिमांड के ब्रॉडर ट्रेंड को रेखांकित करती है।

## रेमेडियम लाइफकेयर बोर्ड यूएई कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने और एफसीसीबी जारी करने पर विचार करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई÷ 539561), जो एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई व्यापार के लिए आवश्यक अन्य कच्चे माल के व्यापार में लगी हुई है, ने घोषणा की है कि इसका बोर्ड 4 सितंबर, 2024 को एयरओवाटर ग्लोबल ट्रेडिंग एलएलसी, यूएई में हिस्सेदारी अधिग्रहण पर विचार करने के लिए बैठक करेगा। बोर्ड एयरओवाटर ग्लोबल ट्रेडिंग एलएलसी, यूएई , वायुमंडलीय जल जनरेटर के माध्यम से शुद्धतम रूप में पेयजल उत्पादन में अग्रणी इकाई, में पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करने के प्रस्ताव की समीक्षा करेगा।

यह तकनीक, जो वैश्विक जल की कमी की समस्या का सबसे स्थायी समाधानों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है, ने सरकारी संस्थानों, कॉर्पोरेट्स, होटल चेन, सुपरमार्केट, अस्पताल चेन, शैक्षिक संस्थानों और सामुदायिक

REMEDIUM LIFECARE

केंद्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक सेवा प्रदान की है। एयरओवाटर अब इंजेक्शन के लिए पानी और किडनी डायलिसिस में उपयोग किए जाने वाले डायलाइज़र के लिए पानी के उत्पादन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए तैयार है, जो इसके उत्पादित पानी की बेहतर गुणवत्ता का लाभ उठाता है। यह पानी न सिर्फ बहुत ही ज़रूरी कामों के लिए बिल्कुल सही है, बल्कि यह उस पानी से भी ज्यादा साफ है जो हम नदियों, तालाबों या जमीन के अंदर से निकालते हैं।

इससे पहले, कंपनी ने 29 जुलाई, 2024 से प्रभावी, भारत में लिथियम कार्बोनेट बनाने के लिए तकनीक हासिल करने के लिए यूके के एंजेल पार्टनर्स, लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक समझौता किया था। कंपनी ने उसी तिथि से प्रभावी, तुर्की के अल्फा केमिकल्स एंड सॉल्वेंट्स लिमिटेड के साथ एक वार्षिक आपूर्ति समझौता भी किया। तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट की आपूर्ति जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शुरू होगी। सीवाई 2025 के लिए आपूर्ति का मूल्य एसडी 20-25 मिलियन है। तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों और पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए लिथियम-आयन बैटरी में किया जाता है।

### संक्षिप्त समाचार

## भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चीन रवाना

### 8 सितंबर को मेजबान चीन से पहला मैच, श्रीजेश के बाद कृष्ण बहादुर पाठक गोलकीपर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम मंगलवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हुलुनबुइर (चीन) रवाना हो गई। पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम का पहला मुकाबला 8 सितंबर को मेजबान चीन से होगा।भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग लेंगे। राइवल पकिस्तान से भारत का मुकाबला 14 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की भारतीय हॉकी टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है।

### एशियाई टीमों का सामना करने के लिए तैयार है- हरमनप्रीत

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, %पेरिस ओलिंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। पेरिस ओलिंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है। हॉकी इंडिया ने बीते बुधवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया था। इस टीम में पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले 10 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। जबकि 5 खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। यह टूर्नामेंट 8 से 17 सितंबर तक इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर में खेला जाएगा। टीम ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था। इसलिए भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना खिताब बचाने उतरेगी।

### श्रीजेश की जगह पाठक-करकेरा पर गोलकीपिंग की जिम्मेदारी

भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलिंपिक के बाद संन्यास ले लिया। इसलिए टीम में गोलकीपर की भूमिका के लिए श्रीजेश की जगह कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को चुना गया है।

### विश्व शतरंज रैंकिंग

## अर्जुन , गुकेश शीर्ष 10 में , पहली बार चार भारतीय महिलाएं शीर्ष 15 में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर 2024 की फीडे रेटिंग लिस्ट में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी ने 2778 अंको के साथ अपनी विश्व नंबर 4 की रैंकिंग को बनाए रखा है जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश 2765 अंको के साथ सातवें स्थान पर है ,भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2751 अंको के साथ 11वें , 2750 अंको के साथ प्रज्ञानन्दा 12वें , 2720 अंको के साथ विदित गुजराती 24वे स्थान पर है । मैगनस कार्लसन 2832 अंको के साथ विश्व में शेरेश स्थान पर बने हुए है उनके बाद 2802 अंको के साथ यूएसए के हिकारु नाकामुरा और 2798 अंको के साथ यूएसए के फबियानों करूआना तीसरे स्थान पर बने हुए है , सिंकिफील्ड कप में शानदार प्रदर्शन के चलते फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें 2767 अंको के साथ टॉप 10 में वापसी करते हुए पांचवें स्थान पर अपनी जगह बना ली है । वहीं लगातार खराब प्रदर्शन के चलते विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन 2736 अंको के साथ 15वें स्थान पर सरक गए है ।

### पाकिस्तान हॉकी

# रोलेंट ओल्टमेंस ने पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ा



**कराची, एजेंसी।** छह टीमों का एसीटी टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर के तक आयोजित होगी। पीएचएफ सूत्र ने कहा कि ओल्टमेंस को 'इवेंट-टू-इवेंट (टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट)' अनुबंध की पेशकश की गई थी। पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य कोच रोलेंट ओल्टमेंस ने दीर्घकालिक अनुबंध की कमी का हवाला देते हुए आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए चीन में टीम से जुड़ने से मना कर दिया। ओल्टमेंस इस साल की शुरुआत से सीनियर टीम के साथ काम कर रहे हैं। उन्हें सीधे हुलुनबुइर में टीम में शामिल होना था, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने इससे इनकार कर दिया।

पीएचएफ (पाकिस्तान हॉकी महासंघ) के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, ओल्टमैंस ने पीएचएफ को सूचित कर दिया है कि वह कोचिंग के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि वह दीर्घकालिक और उचित अनुबंध चाहते हैं। ओल्टमेंस ने 2013 और 2017 के बीच भारतीय हॉकी टीम के हाई परफार्मेंस निदेशक और मुख्य कोच के रूप में भी काम किया था।

छह टीमों का एसीटी टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर के तक आयोजित होगी। पीएचएफ सूत्र ने कहा कि ओल्टमेंस को 'इवेंट-टू-इवेंट (टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट)' अनुबंध की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा, पीएचएफ फंड की समस्या के कारण उन्हें 'असाइनमेंट' के आधार पर काम पर रख रहा था और उन्हें चीन में टूर्नामेंट के दौरान टीम को प्रशिक्षित करना था और फिर अपने देश लौटना था। सूत्र ने कहा, ओल्टमैन्स ने हालांकि अब यह स्पष्ट कर दिया है कि वह 'इवेंट-टू-इवेंट' के आधार पर काम नहीं कर सकते हैं और अगर पीएचएफ को उनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता है तो उन्हें उन्हें दीर्घकालिक अनुबंध की पेशकश करनी होगी।

पाकिस्तान को हालांकि उस वक्त और फजीहत का सामना करना पड़ा जब टीम के कप्तान अम्माद बट ने दो स्थानीय कोच के साथ चीन जाने पर नाराजगी जता दी। पीएचएफ को पिछले कुछ समय से वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है और पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) ने भी एसीटी के लिए 27 खिलाड़ियों और छह अधिकारियों के लिए पांच करोड़ (पाकिस्तान) रुपये का कोष जारी करने से इनकार कर दिया है। पीएसबी ने हालांकि कहा कि उसने 19 खिलाड़ियों और चार अधिकारियों के हवाई टिकटों के लिए भुगतान करने की पेशकश की थी क्योंकि पीएचएफ द्वारा मांगी जा रही धनराशि अधिक थी।

### हॉकी

## ओलंपिक कांस्य अब बीती बात, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर हैं नजरें, कप्तान हरमनप्रीत का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता । हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि लगातार दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने का जश्न खत्म करके अब चीन में इस महीने होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने पर फोकस करना होगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता । हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा ।

हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, पेरिस ओलंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिये तैयार है। पेरिस ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है। हम अतीत के अच्छे प्रदर्शन के भरोसे नहीं रह सकते। भारत के अलावा कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। भारत को आठ सितंबर को चीन से खेलना है। इसके बाद नौ सितंबर को जापान से, 11 सितंबर को मलेशिया, 12 सितंबर को कोरिया और 14 सितंबर को पाकिस्तान से मुकाबला है।

शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी जबकि फाइनल 17 सितंबर को है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है। पिछली बार चेन्नई में भारत ने मलेशिया को 4-3 से हराकर खिताब जीता था।

## स्वीयाटेक और जेसिका पेगुला यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** साल 2022 में खिताब जीतने के बाद पहली बार विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने राउंड ऑफ 16 में 16वीं सीड ल्यूडमिला सैमसोनोवा को हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम एकल मैच में स्वीयाटेक ने सैमसोनोवा पर 6-4, 6-1 से जीत हासिल की। शीर्ष वरीय खिलाड़ी की जीत से यह सुनिश्चित होता है कि उसके पास अपने डब्ल्यूटीए लीडिंग सीजन में अभी भी बहुत कुछ और करने का मौका है। स्वीयाटेक ने अपने चौथे रौलां गैरो क्राउन और एक ओलंपिक कांस्य पदक सहित पांच खिताब जीतने के बाद वर्ष में 57 मैच जीत के साथ डब्ल्यूटीए टूर का नेतृत्व किया है। 2022 की यूएस ओपन महिला एकल चैंपियन स्वीयाटेक अपने छठे ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए प्रयासरत हैं। पोलैंड की यह खिलाड़ी ड्रॉ के शीर्ष हाफ में तीन खिलाड़ियों में से एक है, जो बिना कोई सेट गंवाए आगे बढ़ी हैं। बुधवार को उसका सामना नंबर 6 अमेरिकी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला डायना श्नाइडर पर 6-4, 6-2 से जीत की बदौलत पिछले तीन सालों में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 13 जीते हैं, इस दौरान उनकी एकमात्र हार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका से हुई थी।

## पैरालंपिक 2024: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति ने जीता कांस्य पदक, महिला सिंगल SH6 स्पर्धा में मिली सफलता




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में युवा भारतीय शटलर नित्या सुमति सिवान को पदक जीतने में कामयाबी मिली है। नित्या ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आने वाली 19 वर्षीय खिलाड़ी नित्या ने पेरिस से लगभग 11 महीने पहले एशियन पैरा गेम्स (अक्तूबर, 2023) में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था। नित्या ने एकल के अलावा युगल मुकाबले में भी अपनी छाप छोड़ी थी और उन्होंने इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी अपने नाम किया था।

दरअसल, भारत ने पेरिस पैरालंपिक 2024 के बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल एसएच6 स्पर्धा में नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतने से पहले एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीत चुका था। पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में कुमार नितेश ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश से आने वाले नौकरशाह सुहास एलवाई ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इसके अलावा महिलाओं की एकल स्पर्धा एसयू5 में टी मुरुगेसन और मनीषा रामादास को क्रमश- रजत और कांस्य पदक मिले। इसके बाद दिन के अंतिम मुकाबले में नित्या ने भारत की झोली में एक और कांस्य पदक डालने में सफलता पाई।

गौरतलब है कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात खेले गए मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतते ही भारत की कुल पदक संख्या 15 हो चुकी है।

## अब भारत के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने का समय है: पैट कमिंस



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को विश्वास है कि भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने इस कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार मिली हार की भरपाई करने में सफल रहेगी। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मुकाबला बराबरी का होगा।

भारत ने 2016-17 से लेकर 2022 23 तक ऑस्ट्रेलिया से लगातार चार श्रृंखला जीती हैं। इनमें से दो अवसरों पर उसने ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पिछले साल लंदन में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में खेली गई पिछली दो श्रृंखला में हम सफल नहीं रहे। हमें (भारत के खिलाफ) श्रृंखला जीते हुए काफी समय हो गया है। अब इसमें सुधार करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, 'हम भारत के खिलाफ लगातार खेलते रहे हैं और उन्होंने हमें हराया भी है लेकिन हमने भी उनके खिलाफ कई जीत दर्ज की हैं जिनसे हम प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। इनमें हाल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है जिसमें हम सफल रहे थे। मैं बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर काफी उत्साहित हूं। सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कप्तान से सहमति जताई और कहा कि भारत की टीम काफी संतुलित है और ऑस्ट्रेलिया की उनके खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी। उन्होंने कहा,''यह शानदार श्रृंखला होगी। भारत बेहतरीन क्रिकेट खेल रहा है। हम पिछले दो बार में भारत को नहीं हरा पाए। उनकी टीम शानदार है जिसके सभी विभागों में अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमारे खिलाफ अपने देश में भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए आगामी श्रृंखला काफी रोचक होने वाली है। ऑल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच किसी भी प्रारूप में मुकाबला रोमांचक होता है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में दोनों टीमों ने रैंकिंग में स्थानों की काफी अदला-बदली की है। चाहे कोई भी प्रारूप हो, आप इन दोनों टीमों को विश्व रैंकिंग में किसी न किसी स्तर पर हमेशा नंबर एक पर देखेंगे। जब भी यह दोनों टीमें खेलती हैं तो मैच जरूर देखना चाहिए।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज जीती

### दूसरा मैच 6 विकेट से जीता, सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया

**रावलपिंडी, एजेंसी।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट के इतिहास की पहली बार टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने रावलपिंडी में खेले गए दूसरे मैच में पाकिस्तान को मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश के लिए लिट्टन दास ने पहली पारी में शतक लगाया। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में भी पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इसी के साथ नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी वाली टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट सीरीज खेली गई थी और सभी पाकिस्तान ने जीती थी। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था।

**दूसरी पारी में शांतो-मोमिनुल हक के बीच 119 रन की साझेदारी -** पाकिस्तानी टीम सोमवार को दूसरी पारी में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को जीत के लिए 185 रन का टारगेट दिया था। बांग्लादेश ने आज यानी मंगलवार को अपने दूसरी पारी में 42 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच 57 बॉल पर 119 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए जाकिर हसन 40, शांतो 38, मोमिनुल 34, और शादमान इस्लाम 24 रन बनाए।



**बांग्लादेश पहली पारी में 262 पर ऑलआउट, शहजाद को 6 विकेट -** रविवार को मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां लिट्टन दास और मेहदी हसन ने 165 रन की साझेदारी करके टीम को 190 पार पहुंचाया। लिट्टन ने 138 और मेहदी हसन ने 78 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए खुर्रम शहजाद ने 6 विकेट लिए।

**लिट्टन दास का शतक -** लिट्टन दास ने पहली पारी में 228 बॉल पर 138 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर का यह चौथा शतक रहा। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा। वे पाकिस्तानी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दो शतक लगाने वाले बांग्लादेश के पहले खिलाड़ी हैं।

**पाकिस्तान टीम पहली पारी में 274 रन सिमटी थी -** मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई थी। टीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की पहली पारी के जबाव में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने दूसरे दिन के अंत तक बिना कोई विकेट गंवाए 10 रन बनाए।

**बारिश में धुल गया पहला दिन -** रावलपिंडी के मैदान पर खेले जा रहे इस मैच का पहला दिन बारिश में धुल गया था। मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 10-30 बजे से होनी थी, लेकिन बारिश के कारण दोपहर 12-45 बजे तक टॉस भी नहीं हो पाया।

## अगले साल लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला जाएगा फाइनल, तारीख भी जान लीजिए

**दुबई, एजेंसी।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र के फाइनल मुकाबले की तारीख और जगह का



ऐलान हो गया है। शुरुआती दो फाइनल की तरह तीसरा फाइनल भी इंग्लैंड में ही होगा, लेकिन इस बार मेजबानी ऐतिहासिक लॉर्ड्स ग्राउंड करेगा। 11 से 15 जून के बीच होने वाले इस मुकाबले के लिए 16 जून को रिजर्व-डे रखा गया है। लॉर्ड्स पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा। इससे पहले साउथेम्प्टन (2021) और ओवल (2023) पिछले दो खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर में सबसे अहम मुकाबले में से एक बन गया है और हमें 2025 सत्र की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

**लगातार दो फाइनल हार चुका भारत -** भारत उन दोनों फाइनल मैचों का हिस्सा था। टीम को 2021 में न्यूजीलैंड जबकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से आगे तालिका में शीर्ष स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से भारत इस साल के अंत में पांच मैच की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगा।

## तुम्हें शर्म आएगी, अगर तुमने 10000 रन..., हरभजन ने विराट से कही थी ऐसी बात; सालों बाद किया खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के इतिहास में कई ऐसे पल हैं जो क्रिकेटरों को मेंटरशिप देने और उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ऐसा ही एक यादगार पल वो था जब हरभजन सिंह ने युवा विराट कोहली को एक अहम मेसेज दिया था. आज क्रिकेट के सबसे बड़े दिग्गजों में से एक माने जाने वाले विराट ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में स्ट्रगल किया. 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में विराट ने सिर्फ 19 रन बनाए, जो उनके वनडे फॉर्म की तुलना में काफी निराशाजनक था.

**विराट कोहली को हरभजन सिंह से मिली थी तारीफ -** क्रिकेटर हरभजन सिंह ने विराट कोहली के साथ उनके शुरुआती दिनों में खेला है. उन्होंने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है जो कोहली के क्रिकेट सफर पर रोशनी डालता है. हरभजन सिंह ने




एक इंटरव्यू में बताया, मुझे एक घटना याद है जब वीरेंद्र सहवाग चोटिल थे और अजंता मेंडिस सभी को आउट कर रहे थे. विराट एक युवा खिलाड़ी के रूप में आए, ऊर्जा से भरे हुए. उन्होंने पचास रन बनाए और मुझसे पूछा, पाजी, कैसा खेला? मैंने कहा, बहुत अच्छा इसके बाद विराट ने कहा, मुझे आउट नहीं होना चाहिए था, मुझे और खेलना चाहिए था. मुझे उनका आत्मविश्वास और खेल के प्रति उनका जुनून बहुत पसंद आया.

**जब हरभजन ने विराट को दी थी चुनौती -** विराट कोहली ने अपने करियर में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं, लेकिन उनका सफर आसान नहीं रहा है. हरभजन ने बताया कि शुरुआती दिनों में कोहली को अपने करियर को लेकर संदेह था और उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत थी. हरभजन ने कहा, जब हम वेस्टइंडीज दौरे पर थे, तो फिडेल एडवर्ड्स ने विराट को बहुत परेशान किया. वह बार-बार एलबीडब्ल्यू और शॉर्ट गेंदों पर आउट हो रहे थे, जिससे वह निराश हो गए और उन्होंने खुद से सवाल किया, क्या मैं अच्छा हूं? मैंने उन्हें सलाह दी कि अगर आप 10,000 रन नहीं बनाते हैं, तो आप खुद को शर्मिंदा करेंगे. आपके पास 10,000 रन बनाने की पूरी क्षमता है. और अगर आप नहीं बनाते हैं, तो यह आपकी अपनी गलती होगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी नेताओं के बिगड़ते बोल पर अभिषेक बनर्जी की सलाह, सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के बाद बंगाल में माहौल काफी गर्म है। लोगों में ममता बनर्जी सरकार को लेकर काफी गुस्सा है। अब ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने पार्टी नेताओं को अहम सलाह दी है। इसमें उन्होंने कहा है कि मेडिकल क्षेत्र और आम लोगों से गलत तरीके से बात न करें। अभिषेक ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही है। गौरतलब है कि टीएमसी नेताओं ने कुछ विवादास्पद बयान दिए हैं। एक पार्षद के पति ने तो यहां तक कह डाला कि मुख्यमंत्री ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने के लिए कहा है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बात से इनकार किया है कि ऐसा कोई दिशानिर्देश उनकी तरफ से दिया गया है। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक ने एक्स पर लिखा है कि पार्टी से जुड़े सभी लोगों को विनम्र और सहानुभूति जताने वाला होना चाहिए। मैं टीमएसी के सभी लोगों से अपील करता हूं कि मेडिकल फैटर्निटी और आम लोगों से गलत बातें न करें। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध जताने का अपनी बात कहने का हक है। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि यही चीज पश्चिम बंगाल को भाजपा शासित राज्यों से अलग करती है। गौरतलब है कि रविवार को हावड़ा से टीएमसी पार्षद के पति आतिश सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर अशालीन टिप्पणी की थी। उन्होंने एक स्थानीय सभा में कहा था कि मैं तुम्हारी मां और बहनों की गंदी तस्वीरें बनाकर तुम्हारे घर के दरवाजे पर टांग दूंगा। तुम अपना घर नहीं छोड़ पाओगे। इतना ही नहीं, आतिश सरकार ने आगे कहा कि याद रखना, हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने की सलाह दी है। अगर हमने फुंफकारना शुरू कर दिया तो तुम लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाओगे। वीडियो वायरल होने के बाद टीमएसी ने आतिश सरकार को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। इसी तरह चार बार की सांसद काकोली घोष दास्तीदार ने, जो कि खुद भी एक मेडिकल प्रैक्टिसनर हैं, माफी मांगी है। हाल ही में उन्होंने महिला डॉक्टरों पर टिप्पणी की थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के बाद वह एक पैनल डिस्कशन में हिस्सा ले रही थीं। उस वक्त सांसद ने दावा किया कि हमारे वक्त में तो डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही लड़कियां, पढ़ाने वाले डॉक्टर टीचर्स की गोद में बैठकर पासिंग मार्क्स हासिल कर लेती थीं।

### यह हमारा पारिवारिक मामला, हम बैठकर सुलझा लेंगे: सुनील आंबेकर

**पलक्कड़, एजेंसी।** अपनी स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को कहा कि वह अपने मूल सिद्धांत 'राष्ट्र प्रथम' के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहा है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में उस सवाल के जवाब में यह बात कही, जिसमें पूछा गया था कि क्या भाजपा सहित संघ-प्रेरित अन्य संगठनों के बीच समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा, ''आरएसएस (2025 में) 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहा है। इसलिए यह एक लंबी यात्रा है।'' आंबेकर ने कहा कि इस यात्रा में एक चीज जो निरंतर बनी रही, वह है 'राष्ट्र प्रथम' के प्रति प्रतिबद्धता। आरएसएस से प्रेरित संगठनों की यहां तीन दिवसीय राष्ट्रीय समन्वय बैठक के समापन के बाद उन्होंने कहा, ''यह हमारा दृष्टिकोण रहा है और प्रत्येक स्वयंसेवक ने इसमें विश्वास किया है।'' आंबेकर ने कहा कि एक लंबी यात्रा में, कामकाज से संबंधित मामले अनिवार्य रूप से सामने आते हैं, लेकिन संगठन के पास इन मुद्दों को हल करने के लिए एक तंत्र है। आंबेकर से लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की ओर से दिये गए उस बयान के बारे में भी पूछा गया जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी उस दौर से काफी आगे निकल चुकी है, जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह अपना काम खुद संभालने में सक्षम है। इसके जवाब में आंबेकर ने कहा, ''अन्य मुद्दों का समाधान किया जायेगा। यह पारिवारिक मामला है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या परिवार में सब कुछ ठीक है, उन्होंने जवाब दिया, ''बिल्कुल।'' पश्चिम बंगाल की घटना को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' और 'चिंताजनक' करार दिया।

# 60 हजार जवान नहीं ला पा रहे शांति, उन्हें वापस बुलाएं: विधायक राजकुमार इमो सिंह

**इंफाल, एजेंसी।**
मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्र से अनुरोध किया कि यदि केंद्रीय बलों की मौजूदगी से हिंसा नहीं रुकती तो राज्य से उनको वापस बुला लिया जाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यदि केंद्रीय बल ऐसा करने में विफल रहते हैं तो जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के लिए राज्य सुरक्षा कर्मियों को कार्यभार संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सिंह ने कहा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं।

उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्रवाई की गई।

सिंह ने कहा, हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्रवाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे। उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा विधायक ने कहा, केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपनी होगी और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के



अनुसार कार्य करने की अनुमति देनी होगी। पिछले वर्ष राज्य में हिंसा भड़कने के बाद गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया था। विभिन्न एजेंसियों और बलों की रिपोर्टों की देखरेख करने वाली एकीकृत कमान मणिपुर सरकार के परामर्श से परिचालन आवश्यकताओं का समन्वय करती है। सिंह ने केंद्र सरकार से उन उग्रवादी और विद्रोही समूहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का भी आह्वान किया, जिन्होंने अभियान निलंबन (एसओओ) समझौते के आधारभूत नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शाह से इन समूहों के साथ एसओओ समझौतों को रद्द करने का आग्रह किया, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे हिंसा को और बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिंह ने हथियारों और गोला-बारूद के वित्तपोषण और आपूर्ति की जांच का अनुरोध किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे संघर्ष बढ़ रहा है। सिंह ने केंद्र सरकार से स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के बीच राजनीतिक वार्ता और सहभागिता शुरू करने का आग्रह किया।

## टिकट नहीं दिया तो कांग्रेस में चला जाऊंगा, हरियाणा भाजपा के दिग्गज का खुला ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी की टेंशन बढ़ाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने दावा कर दिया है कि अगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया, तो वह कांग्रेस का दामन थाम लेंगे। वह राज्य की हाईप्रोफाइल सीट बादशाहपुर से टिकट की मांग कर रहे हैं। खास बात है कि इस सीट पर वरिष्ठ नेता सुधा यादव से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व ह्रस्थ समेत कई बड़े नेता दावेदारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंह ने साफ कर दिया है कि वह इस बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा, साल 2019 में मुझे टिकट नहीं मिला था। इस बार मैं निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनाव नहीं लड़ूंगा। मैदान में सिर्फ दो ही पार्टियां हैं। तो अगर भाजपा मुझे टिकट नहीं देती है, तो मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। सिंह का दावा है कि बादशाहपुर विधानसभा सीट से वह ही जीतने वाले उम्मीदवार हैं। खबरें हैं कि पूर्व सांसद सुधा यादव विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहीं हैं। वह बादशाहपुर सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। ऐसे में नरबीर सिंह को टिकट मिलने की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक पार्टी ने टिकट का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा गुरुग्राम सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंदरजीत सिंह भी बादशाहपुर और अहिरवाल के टिकट वितरण में सक्रिय नजर आ रहे हैं। साल 2019 में हार का सामना करने वाले मनीष यादव भी टिकट की तलाश में हैं। वहीं खट्टर के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव भी यहां एक्टिव हैं। इनके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल यादव भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। हालांकि, जवाहर यादव साफ कर चुके हैं कि वह पार्टी की विचारधारा के साथ काम करते रहेंगे। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी यह राज्य की सबसे बड़ी सीट है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 9 सीटों में से एक बादशाहपुर सेगमेंट में 4.5 लाख मतदाता हैं। रिपोर्ट में भाजपा के अनुमान के हवाले से बताया गया कि बादशाहपुर में करीब 1.25 लाख अहीर (यादव), 60 हजार जाट, 50 हजार

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव, भाजपा की चौथी सूची में प्रदेश महासचिव विबोध गुप्ता का नाम, दावा- जीत पक्की है

**राजौरी , एजेंसी।**
भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की सूची में दल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट विबोध गुप्ता को जगह दी। उन्हें राजौरी सीट से उतारा गया है। सोमवार (2 सितंबर) को चौथी सूची जारी की गई। इस घोषणा के बाद जब विबोध गुप्ता राजौरी पहुंचे तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एडवोकेट विबोध गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और आश्वस्त किया कि वे जीत दर्ज करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे तथा जनता की सभी आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं तहे दिल से भारतीय जनता पार्टी का शुक्रिया अदा करता हूं। भाजपा राजौरी विधानसभा सीट कम से कम 10,000 वोटों से जीतेगी। पुंछ और राजौरी जिलों की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र को लेकर उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला फिर से यहां अपना झंडा फहराने की बात करते हैं। वह धारा 370 और 35ए को वापस लाएंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस फिर से समृद्ध जम्मू-कश्मीर को- जो पर्यटन राज्य में तब्दील हो चुका है, आतंकवाद राज्य में बदलने की बात कर रही है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि अगर वे नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र से सहमत हैं तो उन्हें भी खुलकर कहना चाहिए कि हमें 370 और 35ए वापस



चाहिए। जम्मू-कश्मीर को अलग झंडा चाहिए, यह भी वह खुलकर कहें। जनता इसका जवाब मांग रही है।


गुप्ता ने आगे कहा कि 5 अगस्त 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म होने की कगार पर है। यहां पत्थरबाजी और अलगाववाद खत्म हो गया है। राजौरी में अब भाईचारे का माहौल है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना को नौशेरा से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में लाल चौक से इंजीनियर ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ रजा, खानसाहिब से अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ से ताहिद हुसैन का नाम शामिल है। जम्मू-कश्मीर में चुनाव तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होंगे। इसके बाद 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

## बीजेपी एनसीपी में 21 सीटों पर फंस रहा पेच, उम्मीदवारी खतरे में देख नेता बदल रहे पाला

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति गठबंधन में सीटों के बंटवारे की बात चल रही है। लेकिन यहां भाजपा और एनसीपी के बीच 21 सीटों पर पेच फंस गया है। यह वो 21 सीटें हैं जिन पर 2019 के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों में काफी करीबी मुकाबला हुआ था। इनमें से अधिकतर सीटें पश्चिमी महाराष्ट्र से हैं और दोनों ही पक्ष इन सीटों पर दावा ठोक रहे हैं। इसको लेकर अंदरूनी संघर्ष भी देखने को मिल रहा है और दोनों दलों के नेताओं को एक-दूसरे की आइडियोलॉजी रास नहीं आ रही। दोनों दलों की तरफ से कम से कम चार नेताओं ने खुलकर बोला है। भाजपा के कुछ नेताओं ने तो पार्टी तक छोड़ दी है। चुनाव करीब आने के साथ यह जुबानी जंग और तीखी होने का अनुमान है।

भाजपा के हर्षवर्धन पाटिल, समरजीत घटगे और गणेश हैके ने अपनी बात रखी थी। वहीं, अजीत पवार गुट के सीनियर लीडर रामराजे नाइक निंबालकर ने रविवार को भाजपा के आवाज बुलंद की। पाटिल और घटगे इंदापुर और कागल विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की आस लगाए बैठे हैं। यह दोनों सीटें एनसीपी अजीत पवार के पास हैं। अब पाटिल और घटगे इस हफ्ते एनसीपी-शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने वाले हैं। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में पाटिल और घटगे बतौर भाजपा उम्मीदवार इन सीटों पर एनसीपी उम्मीदवार से मुकाबला हार गए थे। इस साल इन दोनों को जीतने की उम्मीद थी, लेकिन उनसे कहा गया कि इन सीटों पर एनसीपी के सिटिंग एमएलए ही उम्मीदवार होंगे। वहीं, अहमदनगर की लातूर सीट से उम्मीदवारी की आस रखने वाले गणेश हैके ने भी एनसीपी के साथ गठबंधन की आलोचना की है। हैके ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो भाजपा को भारी कीमत चुकानी पड़ जाएगी।

कभी शरद पवार के बेहद करीबी रहे निंबालकर अजीत पवार के साथ चले गए थे। अब वह फिर से शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने की धमकी दे रहे हैं। निंबालकर का कहना है कि वह भाजपा नेताओं, रंजीत सिंह निंबालकर और जयकुमार गोरे के साथ



सोलापुर और सतारा की स्थानीय राजनीति में कंफर्टेबल नहीं हैं। वह भाजपा और एनसीपी के सियासी समीकरण से भी खुश नहीं हैं। सोलापुर के दो अन्य भाजपा नेता, उत्तमराव जनकर और प्रशांत पारिचरक भी जिले के बदलते समीकरण को देखते हुए शरद पवार गुट की तरफ जाते दिख रहे हैं।

मराठवाड़ा से एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अजीत पवार गुट के 21 विधायकों ने 2019 में भाजपा के खिलाफ जीत हासिल की थी। वहीं, कुछ को बेहद करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि दोनों दल बरसों से चुनावी राजनीति में एक-दूसरे से लड़ते रहें हैं। दोनों की आइडियोलॉजी और वोटर प्रोफाइल अलग है। लोकसभा चुनाव में भी यह बात साबित हो चुकी है। इस भाजपा नेता ने कहा कि पिछले साल जुलाई में अजीत पवार गुट के साथ समझौता करना भी पार्टी के कई नेताओं को रास नहीं आया। अजीत पवार गुट के आने से उनके पास अवसर कम हो गए हैं और वह अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक एनसीपी ने कहा कि अविभाजित शिवसेना के खिलाफ 2019 में जीतने वाले 19 एनसीपी विधायक आज अजीत पवार के साथ हैं।

## मिस टीन यूएसए का क्लिप पोस्ट कर फिर विवादों में फंसे जेडी वेंस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस एक किशोर पेजेंट क्वीन की पुरानी क्लिप पोस्ट करने के बाद विवाद में आ गए हैं। उनका उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट था, डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को उनके सीएनएन साक्षात्कार में उनकी ढुलमुल रिएक्शन्स के लिए यंग एज लड़की से जोड़कर उन्हें शर्मिंदा करना। लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह पोस्ट उन्हें ही बैक फायर कर जाएगा और कमला के समर्थकों को एक और मौका मिल जाएगा जो पहले से ही उन्हें महिलाओं से नफरत करने वाला करार दिया है। वेंस ने एक पुरानी वायरल क्लिप पोस्ट की जिसमें तत्कालीन मिस साउथ कैरोलिना टीन यूएसए 18 वर्षीय कैटलिन कैट अप्टन नजर आ रही हैं। अमेरिकियों के ज्यूग्रोफिक नॉलेज के सवाल पर फंबल करने लगी थी। वेंस ने इसे कैप्शन दिया, ÷ब्रेकिंग÷ मुझे कमला हैरिस का पूरा



सीएनएन इंटरव्यू मिल गया है। वेंस की पोस्ट के बाद तुरंत ही आलोचना होनी शुरू हो गई। एक यूजर्स ने लिखा कि महिलाओं पर हमला करते रहो और भी अधिक लोग आपके खिलाफ वोट करने के लिए आएंगे। दूसरे ने कहा आप महिलाओं से नफरत करते हैं। अप्टन कई विज्ञापनों में दिखाई दे चुकी हैं। उन्होंने कहा है कि वह इस घटना के परिणामों के कारण अवसाद और आत्मघाती विचारों से जूझ रही थीं। मेरे पास कुछ बहुत ही बुरे पल थे जब मैंने आत्महत्या करने के बारे में सोचा। उन्होंने आगे कहा कि माफ करें, यह वास्तव में भावनात्मक है। यह पहली बार है जब मैं वास्तव में इसके बारे में बात करने में सक्षम हुआ हूं। यह भयानक था, और पिछले दो वर्षों तक हर एक दिन ऐसा ही हुआ। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर निजी हमला करते हुए उन्हें बेकार बताया था।

## इजराईल में आम हड़ताल के कारण करीब पूरे देश में प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे

**यरूशलम, एजेंसी।** गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने में विफल रहने के विरोध में इजराइल में सोमवार को आम हड़ताल के आह्वान के कारण करीब पूरे देश में बंद और अन्य तरह का व्यवधान दिखा जिसमें इसका मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डा भी शामिल है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इस आह्वान को नजरअंदाज किया गया जो गहरे राजनीतिक मतभेदों को दर्शाता है। हड़ताल के कारण प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे। गाजा में रविवार की देर रात छह बंधकों के मृत पाए जाने के बाद इजराइल के हजारों लोग शोक और आक्रोष के बीच सड़कों पर उतर गए।

पीड़ित परिवारों और अधिकतर लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दोषी ठहराया और कहा कि लगभग 11 महीने पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए हमास के साथ समझौते के माध्यम से उन्हें जिंदा वापस लाया जा सकता था। लेकिन अन्य लोग हमास पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखने की नेतन्याहू की रणनीति का समर्थन करते हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के साथ युद्ध शुरू हो गया था। इजराइल के सबसे बड़े व्यापार संघ 'हिस्तादुरुत' ने सोमवार को आम हड़ताल का आह्वान किया था, जो युद्ध की शुरुआत के बाद पहली हड़ताल है। इसका उद्देश्य बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और देश के मुख्य हवाई अड्डे सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बंद करना या बाधित करना है। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र' (यूकेएमटीओ) ने बताया कि दो मिसाइल या रॉकेट जहाज से टकराये तथा तीसरा विस्फोट जहाज के निकट हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा कि जहाज पर कोई हताहत नहीं हुई है और वह अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

## शिकागो में एक ट्रेन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में सोमवार को एक ट्रेन में ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गोलीबारी के बाद एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने बताया कि उन्हें सोमवार की सुबह 911 आपातकालीन हॉटलाइन पर कॉल मिली। इसके बाद वे फॉरेस्ट पार्क रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने तीन यात्रियों के शव बरामद किए।जबकि एक को घायल अवस्था में मेवुड स्थित लोयोला यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया।

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए एक संदिग्ध अपराधी को हिरासत में लिया गया है। उससे एक बंदूक भी जब्त की है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना अन्य घटनाओं से अलग दिखाई दे रही है। इससे समुदाय को कोई खतरा नहीं है। बता दें कि अमेरिका में गोलीबारी करके हिंसा फैलाना आम सा हो गया है। यहां बंदूक रखना लोगों के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। शिकागो ट्रांजिट अथॉरिटी के अनुसार, शिकागो में रोज तीन लाख से ज्यादा लोग ट्रेनों में यात्रा करते हैं। गन वायलेंस आकाईव की रिपोर्ट की मानें तो इस साल अमेरिका में 378 गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।

## राष्ट्रपति मादुरौ पर सवाल उठाने वाले गोंजालेज की मुश्किलें बढ़ीं; कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी

**काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला में लगातार सियासी हंगामा जारी है। जुलाई में जबसे राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे सामने आए हैं, तब से निकोलस मादुरौ और एडमुंडो गोंजालेज एक दूसरे पर हमला करना जारी रखे हैं। इस बीच, यहां की एक अदालत ने सोमवार को विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार गोंजालेज के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अभियोजक कार्यालय ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अदालत ने गंभीर अपराधों के लिए गोंजालेज के खिलाफ वारंट के लिए उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। बता दें, कार्यालय ने इससे पहले सोशल मीडिया पर न्यायालय को भेजे गए अपने अनुरोध को जारी किया था, जिसमें उसने उन कथित अपराधों को सूचीबद्ध किया था, जो विपक्ष के इन आरोपों से उठा था कि मादुरो और उनके सहयोगियों ने 28 जुलाई के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली की थी। गौरतलब है, वेनेजुएला में हुए



राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर निकोलस मादुरौ की सत्ता में वापसी हुई। वह लगातार तीसरी बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुने गए हैं। हालांकि, विपक्ष लगातार चुनाव में धांधली के आरोप लगा रहा है। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और कई लैटिन अमेरिकी देशों ने मतदान परिणामों को देखे बिना नतीजों को मानने से इनकार कर दिया है।

वेनेजुएला की राष्ट्रीय चुनाव परिषद (सीएनई) का कहना है कि वह रिकॉर्ड को जारी नहीं कर सकता क्योंकि हैकर्स ने आंकड़ों के साथ छेड़छाड़ किया था। हालांकि पर्यवेक्षकों ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है।

सेवानिवृत्त राजनयिक गोंजालेज उरुतिया, जिन्होंने अंतिम समय में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का स्थान लिया था, चुनाव के तुरंत बाद से ही छिपे हुए हैं। मादुरौ ने उन्हें और मचाडो को कारावास में डालने की मांग की है, जिन पर वेनेजुएला की संस्थाओं ने उन आरोपों के आधार पर चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी, जिन्हें व्यापक रूप से मनगढ़ंत बताया गया था। वह भी मतदान के बाद से ज्यादातर समय छिपी रही हैं, हालांकि उन्होंने मादुरौ के खिलाफ कई संगठित विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया है। विपक्ष ने अपने मतदान केंद्र के चुनाव परिणाम प्रकाशित किए, जिसके अनुसार गोंजालेज उरुतिया ने भारी मतों से जीत हासिल की। अब गोंजालेज में जो आरोप लगे हैं वो सार्वजनिक कार्यों का अधिग्रहण, सार्वजनिक दस्तावेज की जालसाजी, अवज्ञा के लिए उकसाना, तोड़फोड़, तथा संगठित अपराध और आतंकवाद के वित्तपोषकों के साथ संबंध हैं। अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का लग्जरी जेट जब्त कर लिया है। एपी के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इस जेट को फर्जी तरीके से खरीदा गया था और तस्करी के जरिए अमेरिका से बाहर ले जाया गया था। मादुरो के लग्जरी जेट डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स को डोमिनिकन रिपब्लिक में जब्त किया गया। ये कैरिबियन सागर में स्थित लैटिन अमेरिकी देश है। सीएनएन के मुताबिक अमेरिकी अधिकारी सोमवार को विमान अमेरिका लेकर चले गए।

डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स की कीमत 13 मिलियन डॉलर (करीब 110 करोड़ रुपए) है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत के बीच मादुरो से जुड़े लोगों ने अपनी पहचान छुपा कर इस लग्जरी जेट को खरीदा था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129